**खास बात**

*कंजूस का गढ़ा हुआ धन धरती से तभी बाहर निकलता है जब वह स्वयं धरती में गड़ जाता है।*
*- अज्ञात*

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927
वर्ष - 21 अंक - 363
नर्मदापुरम
गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025
● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया
Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक




## ओरछा में हो रहा दिव्य और भव्य श्रीराम राजा लोक का निर्माण : मुख्यमंत्री

### सीएम ने 332.85 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

भोपाल ■ विप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीराम का नाम ही काफी है। यथा नाम तथा गुण। राम अपने गुणों से, अपने आचरण से, अपनी पितृभक्ति से और प्रजाजन का पालनहार बनकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बने। ओरछावासी बड़े ही भाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीराम ने अपने दरबार के लिए ओरछा को चुना। ओरछा के लोगों को हर दिन अवधपति श्रीराम राजा सरकार के दरबार दर्शन का पुण्य मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को निवाड़ी जिले के ओरछा में श्रीराम राजा लोक के दूसरे चरण के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन सहित अन्य? विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर श्रीराम राजा लोक में दूसरे चरण के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओरछा के प्रमुख मंदिर पहुंचकर श्रीराम राजा सरकार के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने श्रीराम राजा लोक के भव्य निर्माण के लिए पहले चरण में मंजूर एवं वर्तमान में निर्माणाधीन कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन भी किया।

**निवाड़ी को मिलेगा नगरपालिका परिषद का दर्जा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवाड़ी शहर को नगर पालिका परिषद का दर्जा देने के लिए जल्द ही परीक्षण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ओरछा को धार्मिक पर्यटन सहित एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकॉप्टर सेवाओं से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए एयर स्ट्रीप बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने नेंदुआ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर नया अस्पताल बनाने की घोषणा की। साथ ही क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नए सड़क मार्गों के निर्माण की भी घोषणा की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओरछा के साथ चित्रकूट में भी करीब 2200 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य चल रहे हैं। श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ क्षेत्र बनाया जाएगा। इसके लिए सरकार ने राशि मंजूर कर दी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश इलेक्ट्रानिक विकास निगम एवं एक एनजीओ के बीच करार की प्रक्रिया पूरी होने पर संस्था को लेटर ऑफ अवार्ड भी प्रदान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या और ओरछा का 500 साल से अधिक पुराना नाता है। ओरछा के बुंदेला शासक मधुकर शाह की महारानी कुंवरि गणेश जो भगवान श्रीराम की उपासक थीं, 16वीं शताब्दी में भगवान श्रीराम को अयोध्या से लेकर ओरछा आई थीं।

---

**ग्वालियर में आंबेडकर प्रतिमा विवाद**

## सीएसपी हिना खान को बताया सनातन विरोधी तो लगाए जय श्रीराम के नारे



ग्वालियर ■ निसं

आंबेडकर मूर्ति विवाद को लेकर भले ही दलित संगठनों के अलावा अन्य संगठनों ने आंदोलन का कॉल वापस ले लिया है, लेकिन ग्वालियर का माहौल गरम है। साथ ही शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार हजार जवानों की तैनाती की गई है। इस बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा अपने लोगों के साथ सुंदर कांड का पाठ करने जा रहे थे। तभी सीएसपी हिना खान ने उन्हें रोक दिया। इस पर अधिवक्ता अनिल मिश्रा कहने लगे कि आप सनातन विरोधी हैं। साथ ही जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। ऐसे में सीएसपी हिना खान भी उनके मुंह पर जय श्रीराम के नारे लगाने लगीं। मिश्रा सीएसपी को कहा कि आपने हमारे लोगों को रोका है। इस पर हिना खान कहती हैं कि मैंने नहीं रोका है। एसडीएम साहब का फैसला है। इसके बाद अनिल मिश्रा कहते हैं कि ये बिल्कुल सनातन का विरोध है।

**सुंदरकांड पाठ करते समय रोका तो पुलिस से हुई बहस**

हिना खान ने कहा यह सनातन का विरोध नहीं है। मिश्रा और उनके लोग कहते हैं कि यह सनातन का ही विरोध है। अनिल मिश्रा वहां नारेबाजी करने लगते हैं। सीएसपी हिना खान भी जय श्रीराम के नारे लगाने लगीं। वह चार बार अनिल मिश्रा की आंखों में आखें डाल जय जय श्रीराम बोलीं। इसके बाद वह कहती हैं कि और कुछ।

---

**रिटायर्ड आबकारी अधिकारी के कई ठिकानों पर लोकायुक्त ने मारा छापा**

## करोड़ों की संपत्ति, नगदी और मिली घर से डेढ़ किलो सोने की सिल्लियां

इंदौर/ग्वालियर ■ निसं

मध्य प्रदेश लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के विभिन्न ठिकानों पर छापा मारा है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर की गई इस कार्रवाई में अब तक उनके परिवार के नाम पर लगभग 10 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है।

लोकायुक्त पुलिस के उपाधीक्षक (ष्ठस्क्) सुनील तलान ने बताया कि यह छापेमारी ग्वालियर और इंदौर में भदौरिया से जुड़े सात ठिकानों पर एक साथ की गई। जांच में पता चला कि रिटायर्ड अधिकारी और उनके परिवार के नाम पर ग्वालियर और इंदौर के अलावा उत्तर प्रदेश के इटावा में भी संपत्तियां हैं।

**छापे में क्या-क्या मिला?:** डीएसपी तलान के अनुसार, अब तक की जांच में भदौरिया और उनके परिवार की 8 से 10 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला है। इस छापेमारी के दौरान टीम को लगभग 1.05 करोड़ रुपये नकद, करीब 1.5 किलोग्राम सोने की सिल्लियां (गोल्ड बार) और लगभग एक किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद हुए हैं। इसके अलावा, परिवार के पास से तीन-चार महंगी गाड़ियां भी मिली हैं और 7 से 8 बैंक खातों व लॉकर्स की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी जांच की जा रही है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि भदौरिया परिवार ने अपना पैसा फिल्मों में भी निवेश किया है।

लोकायुक्त पुलिस फिलहाल भदौरिया और उनके परिवार की सभी संपत्तियों का विस्तृत मूल्यांकन कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने और बैंक लॉकर्स खुलने के बाद संपत्ति का आंकड़ा और बढ़ सकता है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है





**31 अगस्त को ही हुए थे रिटायर**

धर्मेंद्र सिंह भदौरिया इसी साल 31 अगस्त को आलीराजपुर के जिला आबकारी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। लोकायुक्त को उनके खिलाफ शिकायत मिली थी कि उन्होंने और उनके परिवार ने अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। शिकायत की पुष्टि के बाद यह कार्रवाई की गई।

**10 लाख घूस लेते पकड़ाया, घर में मिला करोड़ों का खजाना**

**गुवाहाटी।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुवाहाटी में तैनात राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के कार्यकारी निदेशक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को जानकारी दी कि अधिकारी को एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। सीबीआई ने एनएचआईडीसीएल के कार्यकारी निदेशक और निजी कंपनी में काम करने वाले दो लोगों के खिलाफ शिकायत मिली थी। इसी पर सीबीआई ने पिछले दिनों मुकदमा दर्ज किया और उसके बाद मंगलवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। बताया जा रहा है कि अधिकारी ने एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। यह रिश्वत कंपनी को असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर डेमो से मोरान बाईपास तक 4-लेनिंग के ठेके के अलावा अन्य ठेकों से संबंधित अनुकूल एक्सटेंशन ऑफ टाइम (ईओटी) और कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने के एवज में मांगी गई थी। सीबीआई की टीम ने इसके बाद देशभर में 7 ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपी अधिकारी के परिसर से 2.62 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए।

---

**बिहार चुनाव: भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट**

## लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर सीट से मिला टिकट



**दूसरी लिस्ट में 12 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया**

पटना ■ एजेंसी

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टियों की ओर से उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की, जिसमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर का भी नाम है।

एक दिन पहले प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी और दूसरे दिन यानी बुधवार को भाजपा ने उन्हें अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतार दिया। पार्टी की दूसरी लिस्ट में 12 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। भाजपा की दूसरी लिस्ट के अनुसार, अलीनगर से मैथिली ठाकुर, हायाघाट से राम चंद्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार और गोपालगंज सीट से सुभाष सिंह को टिकट मिला, जबकि बनियापुर से केदार नाथ सिंह, छपरा से छोटी कुमारी, सोनपुर से विनय कुमार सिंह और रोसड़ा से बीरेंद्र कुमार चुनाव मैदान में हैं। बाढ़ विधानसभा क्षेत्र से डॉ0 सियाराम सिंह, अगिआंव से महेश पासवान, शाहपुर से राकेश ओझा और बक्सर से रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा को टिकट मिला।

एक दिन पहले भाजपा ने 71 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में दोनों डिप्टी सीएम और पूर्व डिप्टी सीएम समेत बिहार के कई मंत्रियों को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बताया कि इसमें सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, प्रेम कुमार, मंगल पांडे, कृष्ण कुमार, राम नारायण मंडल और नितिन नबीन का नाम शामिल हैं। भाजपा की ओर से बताया गया कि जहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तारापुर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा लखीसराय से भाजपा के उम्मीदवार होंगे। इसके साथ ही, पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद कटिहार से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए हैं। साथ ही पार्टी ने कई मंत्रियों और विधायकों को उनकी परंपरागत विधानसभा सीट से टिकट दिया है। वहीं, कुछ नए चेहरे भी सामने आए हैं।

---

## जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद 2 अफसर सस्पेंड

**जैसलमेर/जोधपुर।** राजस्थान में स्लीपर बस अग्निकांड में बुधवार को सरकार ने एक्शन लिया। हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ में परिवहन विभाग ने अप्रूव किया था। बस बॉडी को अप्रूव करने वाले चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को सस्पेंड कर दिया। हादसे के बाद जब प्रशासन ने बस से जुड़ी जानकारी जुटाई, तो खुलासा हुआ कि यह बस चित्तौड़गढ़ जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) कार्यालय में पंजीकृत थी। जांच में सामने आया कि बस मालिक ने नियमों की अनदेखी करते हुए नॉन एसी को एसी बस में मॉडिफाई करवा लिया था, जिसकी भनक परिवहन विभाग को भी नहीं लगी।

## गढ़चिरौली में 60 नक्सलियों के साथ सरेंडर



**गढ़चिरौली।** देश में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। इस बीच महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पहली बार सबसे बड़ा नक्सली आत्मसमर्पण हुआ है। वरिष्ठ नक्सली नेता मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति ने अपने 60 अन्य नक्सली साथियों के साथ महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस के सामने हथियार डाले हैं। आज गढ़चिरौली शहीद पांडु आलम हॉल, पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण समारोह आयोजित किया।

---

**।। कक्का जी कहिन ।।** डी.पी. गोयल

## आया राम गया राम का खेल शुरू

बिहार में भा.ज.पा. एवं जनतादल यू. ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। वहीं दूसरी तरफ उनके सहयोगी चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, भूपेन्द्र कुशवाहा ने अभी तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की। भूपेन्द्र कुशवाहा भा.ज.पा. से नाराज चल रहे हैं। उनको सीटों के बटवारे में कम सीटें मिली और वह जो सीटें चाहते थे वह उन्हें नहीं मिली है। भा.ज.पा. ने एक केन्द्रीय मंत्री को कुशवाहा को मनाने के लिये पटना भेजा है। वहीं दूसरी तरफ कुछ विधायकों के टिकट कटने से वह नाराज हैं। विधानसभा अध्यक्ष का भी टिकट भा.ज.पा. ने काट दिया है। कुल मिलाकर भा.ज.पा. में अन्दर ही अन्दर असंतोष की लहर उठ चुकी हैं।

वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस अपने लिये ज्यादा सीटें चाहती है। वहीं तेजस्वी यादव इसके लिये तैयार नहीं हैं। साथ ही महागठबंधन में अन्य सहयोगी दलों से सीटों का बंटवारा फाइनल नहीं हुआ है। तेजस्वी यादव राघोपुर से 15 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र भरेंगे।

इधर चुनावी जंग जारी है। वहीं दूसरी तरफ लालू यादव, उनकी पत्नि रावड़ी देवी, तेजस्वी यादव सहित अन्य पर भ्रष्टाचार का आरोप रेलवे की कैटरिंग कम्पनी ने लगाया है। इससे जनता में इन नेताओं की छवि पर प्रश्न चिन्ह लगा है।

मैं यह सब लिख रहा था तभी कलि आ गये और बोले-सुनो वत्स, 15-16-17 इन तीनों दिनों में सभी दलों में असंतुष्ट दल-बदल कर दूसरी पार्टी से चुनाव लड़ सकते हैं। इसमें कई प्रमुख चेहरे, पूर्व विधायक सहित नेता शामिल हैं। बहरहाल सभी पार्टियों के लिये 17 अक्टूबर नामांकन का दिन अति महत्वपूर्ण है, देखना होगा कि कितने असंतुष्ट पार्टियां छोड़कर दूसरी पार्टियों से नामांकन भरते हैं। कुल मिलाकर धमाका जरूर होगा। इतना कहकर कलि अंतर्ध्यान हो गये।

(क्रमशः---)

---

**जांच-निगरानी होगी कड़ी; मसौदा तैयार**

## दवा-सौंदर्य प्रसाधन पर सख्त कानून ला रही मोदी सरकार

नईदिल्ली ■ एजेंसी

देश में सामने आए कफ सिरप से मासूम बच्चों की मौत के मामलों के बाद केंद्र सरकार दवा-सौंदर्य प्रसाधन पर गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए सख्त कानून की तैयारी कर रही है। इसके लिए मसौदा तैयार हो चुका है।

कई राज्यों में दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामलों के बाद केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 2025 का मसौदा मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश कर सकती है। देश में चिकित्सा उत्पादों के लिए सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों के सख्त अनुपालन की बढ़ती मांग के बीच, केंद्र सरकार चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के नियमन के साथ-साथ दवा गुणवत्ता परीक्षण और बाजार निगरानी के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक कानून बना रही है।

इस कानून का मसौदा तैयार करने के पीछे एक प्रमुख कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया भर के स्वास्थ्य नियामकों द्वारा भारतीय दवा निर्माताओं द्वारा गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार की गई शिकायतें और चिंताएं हैं। एक दिन पहले मंगलवार (14 अक्तूबर) को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक उच्च-स्तरीय बैठक में भारतीय औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव रघुवंशी मसौदा पेश किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की थी।

बैठक के दौरान भारतीय औषधि महानियंत्रक और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तावित कानून की रूपरेखा प्रस्तुत की। यह बैठक मध्य प्रदेश में दूषित कफ सिरप के कारण कई बचों की मौत के कुछ दिनों बाद हो रही है।



**तत्काल कार्रवाई का मिलेगा वैधानिक अधिकार**

सूत्रों ने बताया कि स्वीकृत होने के बाद नया कानून सीडीएससीओ अधिकारियों को घरेलू उपयोग और निर्यात दोनों के लिए भारत में निर्मित दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी सुनिश्चित करने का वैधानिक अधिकार प्रदान करेगा। बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत, सीडीएससीओ को पहली बार नकली या घटिया दवाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए वैधानिक अधिकार प्रदान किए जाएंगे।

**वायुसेना में शामिल होंगी 200 km रेंज वाली मिसाइल**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अस्त्र मार्क-2 एयर-टू-एयर मिसाइल की रेंज 200 किलोमीटर से अधिक करने पर काम कर रहा है। पहले इसे लगभग 160 किलोमीटर के करीब बताया गया था, लेकिन अब इसकी हेड-रेंज को और बढ़ाकर 200 किलोमीटर से ऊपर लाने का प्रयास चल रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रस्ताव पर जल्द ही विचार-विमर्श करेगा।
अस्त्र मार्क-2 एक बियॉन्ड विज़ुअल रेंज मिसाइल है — अर्थात यह आंखों की दूरी से बाहर रहकर ही लक्ष्य के खिलाफ प्रहार करने के लिए डिजाइन की गई है। सूचना के अनुसार भारतीय वायु सेना (आईएएफ) करीब 700 ऐसी मिसाइलों की खरीद कर सकती है; इनको सुखोई व लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) पर लॉंचर के रूप में स्थापित किया जाएगा। डीआरडीओ ने अस्त्र परिवार के विकास में कई सार्वजनिक और निजी संस्थानों को शामिल किया है। इसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) समेत 50 से अधिक कंपनियों और कई प्रयोगशालाओं का योगदान मिला है। इसके अलावा अस्त्र मार्क-1 की रेंज 100 किलोमीटर से ऊपर बताई जाती है और उसमें आधुनिक गाइडेंस व नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। खुफिया व सैन्य सर्किलों में यह माना जाता है कि यदि अस्त्र मार्क-2 की रेंज 200 किलोमीटर से अधिक हो जाती है तो यह क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध कुछ प्रतिस्पर्धी मिसाइलों की तुलना में आगे रहेगा

---

**अंतर्मना उवाच**

***आज का आदमी***

*सम्मान की मिठाई तो जल्दी खा लेता है परन्तु अपमान का गोबर हजम नहीं कर पाता। इसलिए* ***सम्मान में फूलो मत और अपमान में कूलो मत।*** *जब व्यक्ति कोई पाप या गलत काम करता है तो वो दुःख और अपमान को निमंत्रण ही देता है।* ***पाप करना ही अपमान को बुलाना है।*** *यदि आज तुम्हें सेवा, परोपकार जैसे कार्य के बाद भी अपमान मिल रहा है, इसका मतलब है कि तुमने पहले किसी अच्छे कार्य की अनुमोदना नहीं की।*



***जो भी दुःख, परेशानी या अपमान जीवन में आ रहा है या हो रहा है, वो तुम्हारे ही अशुभ कर्मों से हो रहा है।*** *तुम किसी दूसरे को दोष मत दो। लेकिन आदमी बड़ा बेईमान है।* ***जब भी कोई दुःख, परेशानी या अपमान की बात होती है तो अपनों को दोषी बता देता है और कोई कार्य अच्छा हो जाये, या कोई बड़ा लाभ हो जाये तो मैंने किया।*** *यह जो आदमी की आदत है ये ठीक नहीं है। यह दोहरा चरित्र, दोगली, जीवनशैली ठीक नहीं है।* ***मैं हमेशा कहता हूँ - ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ मत करो जो खुद को पसंद ना हो।***

- *आपको गाली पसंद नहीं है, प्लीज आप गाली मत दो।*
- *आपको अपमान पसंद नही है, आप दूसरों का अपमान मत करो।*

***आपको जो पसंद हो, वो आज से देना शुरू करो.. फिर देखो जिंदगी में चार चाँद लग जायेंगे...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### भोपाल में फांसी लगाने वाली छात्रा की मौत

# चार महीने पहले एक सप्ताह तक लापता रही थी, पुलिस ने शुरू की जांच

**भोपाल ■ निसं**

बागसेवनिया इलाके में फांसी लगाने वाली स्कूली छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रवाना किया है। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि पुलिस की शुरुआती जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि चार महीने पहले किशोरी एक युवक के साथ घर से बिन बताए चली गई थी। लगभग एक सप्ताह बाद स्वेच्छा से लौट आई थी।

छात्रा ने पुलिस को दिए बयानों में बताया था कि युवक ने उसके साथ किसी तरह का गलत काम नहीं किया था। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इसी युवक के दबाव में तो पीड़िता ने सुसाइड नहीं किया है। पुलिस के मुताबिक 14 वर्षीय मृतका बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रहती थी। वह एक प्राइवेट स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा थी।



#### एक सप्ताह बाद तोड़ा दम

बीती 8 अक्टूबर को छात्रा ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। इसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के बयान दर्ज नहीं होने की वजह से कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### भोपाल के बाजारों में दीपावली की चहल-पहल शुरू

# भीड़ से निपटने प्रशासन ने किया पुख्ता इंतजाम

**भोपाल ■ निसं**

दीपावली के नजदीक आते ही राजधानी के बाजार रौशन हो गए हैं। खरीदारी के लिए उमड़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम ने बाजारों में विशेष व्यवस्थाएं की हैं। वहीं, ट्रैफिक और पार्किंग से राहत दिलाने के लिए व्यापारिक संगठन भी सक्रिय हुए हैं। प्रमुख बाजारों में साफ-सफाई, अतिक्रमण हटाने और यातायात नियंत्रण पर खास फोकस किया जा रहा है। मंगलवार को भी बाजार में काफी भीड़ देखने को मिली दीपावली के पहले आए पुष्य नक्षत्र की रौनक बाजारों में नजर आया।

इधर त्योहारों के दौरान बाजारों में अतिक्रमण की समस्या चरम पर है। फुटपाथों पर दुकानों के कारण राहगीरों को सडक़ पर चलना पड़ रहा है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। गुमठियों, ठेलों और अस्थायी दुकानों ने सडक़ें संकरी कर दी हैं। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाइयां हुई हैं, लेकिन स्थायी विकल्पों के अभाव में समस्या दोबारा लौट आई है। हॉकर कॉर्नर जैसे समाधान मौजूद हैं लेकिन उनका उपयोग नहीं हो रहा। दिवाली को देखते हुए पटाखा कारोबार के लिए शहर में बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। जिला प्रशासन ने थोक विक्रेताओं की 20 स्थायी दुकानों और 14 दुकानों को 500 किलो तक स्टॉक रखने की अनुमति दी है। इसके अलावा करीब 1,100 अस्थायी दुकानों को लाइसेंस दिए जा रहे हैं। इन दुकानों को अस्थायी पटाखा बाजारों में लगाया जाएगा। दुकानें लॉटरी सिस्टम के तहत आवंटित की जाएंगी और तय स्थान पर ही लगाई जा सकेंगी।



#### नगर निगम ने सफाई और निगरानी के दिए निर्देश

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि दीपावली और उससे पहले के सभी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख बाजार क्षेत्रों में रात के समय भी सफाई व्यवस्था लागू की गई है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी किए गए हैं, और जहां-जहां पार्किंग की सुविधा है, वहां निगम कर्मचारियों की विशेष तैनाती की जाएगी।

**बेतरतीब ट्रैफिक और अतिक्रमण से शहर परेशान:** त्योहारों के समय बाजारों में ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। फुटपाथों की कमी, बेतरतीब पार्किंग, और सडक़ किनारे अस्थायी दुकानों के कारण शहर का 80 प्रतिशत हिस्सा पैदल चलने लायक नहीं रह गया है।रेड लाइट के समय जाम की स्थिति बनती है और राहगीरों को वाहन के बीच से गुजरना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### करोंद मंडी में मखाने के गोडाउन में आग, दमकलों ने पाया काबू

**भोपाल।** भोपाल के करोंद स्थित कृषि उपज मंडी में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग मखाने के गोडाउन में लगी। इसमें लाखों का मखाना भरा था। आगजनी के बाद मंडी परिसर में हडक़ंप की स्थिति बन गई। आग ज्यादा न फैले, इसके लिए व्यापारी, हम्माल भी बुझाने में जुटे रहे। आगजनी की घटना सुबह 8 बजे हुई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग काबू में आ पाई है। हालांकि, अंदर रखा मखाना जल गया। मंडी व्यापारी संजीव कुमार जैन ने बताया, यह गोडाउन व्यापारी आशीष सिंह का है, जो उन्होंने करीब छह महीने पहले ही बनाया था। यहां पर लाखों रुपए के मखाने रखे थे। दीपावली और ठंड की वजह से ड्राइ फूट्स की डिमांड अधिक रहती है। इसलिए गोडाउन में मखाने का ज्यादा स्टॉक रखा था। सुबह गोडाउन में धुआं उठते हुए लोगों ने देखा। इसके बाद फायर कंट्रोल रूम पर सूचना दी गई। तुरंत आसपास के फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने लगी। आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है, लेकिन प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

### एम्स में पैसा जमा करने के बाद भी मरीजों की जांच नही ?

**भोपाल।** एम्स भोपाल में घंटो मरीजों के लाइन में खड़े रहने के बाद भी डॉक्टरों द्वारा लिखी हुई जांच नहीं हो पा रही है।डॉक्टर जांच लिखते हैं, मरीज घंटो लाइन में खड़े होकर जांच के लिए लैब पहुंचते हैं। वहां पर कह दिया जाता है, जांच यहां पर संभव नहीं है। ना तो मरीजों को पैसा लौटाया जाता है। नाही एम्स प्रशासन द्वारा काउंटर पर यह जानकारी दी जाती है। जिन रोग की जांच होनी है। इसकी जांच यहाँ संभव नहीं है।रेट लिस्ट के अनुसार काउंटर में मरीजों से पैसा जमा करा लिया जाता है। बाद में कह दिया जाता है, यहां जांच संभव नहीं है।पैसे भी नहीं लौटाए जाते हैं। जिसको लेकर मरीजों के परिजनों में भारी नाराजी देखने को मिल रही है। घंटो बीमार व्यक्ति वहां पर लाइन लगाकर खड़ा रहता है। उसके बाद भी उसकी जांच नहीं हो पा रही है।

मुआवजे का इंतजार कर रहे किसानों के खातों में ट्रांसफर करेगी राशि

### धनतेरस पर होगी धन वर्षा, ब्यावर में होगा भव्य कार्यक्रम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के किसानों के लिए धनतेरस का त्योहार इस बार खास खुशियां लेकर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई वाली राज्य सरकार धनतेरस (29 अक्टूबर 2025) के अवसर पर किसानों के खातों में करोड़ों रुपये की 'धन वर्षा' करने जा रही है। ब्यावर में होने वाले इस मेगा इवेंट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं उपस्थित रहेंगे। वे मंच से एक ही क्लिक में किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर करेंगे, जिससे लाखों किसान एक साथ लाभान्वित होंगे। मध्य प्रदेश सरकार ने धनतेरस के मौके पर किसानों को राहत राशि बांटने का एक अहम फैसला किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक क्लिक पर फसल मुआवजे की रकम सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करेंगे। यह इवेंट राजगढ़ जिले के ब्यावर में होगा और पूरे राज्य के लिए एक खास इवेंट होगा। यह कार्यक्रम ब्यावर के दशहरा मैदान में होगा, जहां किसानों को फसल मुआवजा राशि बांटी जाएगी। यह राशि उन किसानों को दी जाएगी जिनकी फसलें प्राकृतिक आपदाओं या दूसरी वजहों से खराब हो गई हैं. इस पहल से किसानों को अपनी फसल के नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी। यह पहल किसानों को दिवाली से पहले आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, जिससे उनकी त्योहारी खुशियां दोगुनी हो जाएंगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का सभी से किया आह्वान

# चाहे जितनी जल्दी हो, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- नियमों का पालन कर बनें जिम्मेदार नागरिक
- एडवांस एप्लीकेशन एप संजय का किया शुभारंभ
- डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर हुए दो अलग-अलग एमओयू
- आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार पुस्तक एवं रोड सेफ्टी रिपोर्ट का भी किया विमोचन

**भोपाल ■ निसं**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन अनमोल है। तेजी में या असावधानीवश सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में उचित नहीं है। दुनिया का कोई भी काम किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं होता, इसलिए चाहे जितनी भी जल्दी हो, सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना कतई न भूलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सुधरेंगे, तो जग भी सुधरेगा। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जरूरत है, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारी बड़ी जिम्मेदारी भी है। सिविक सेंस कहता है कि वाहन चलाते समय हमें अपने साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा का दायित्व भी समझना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सड़क सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रवलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।



#### मंथन से निकले सुझाव सड़क के लिये दीर्घकालिक धरोहर साबित होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में है। यहां सड़क और राजमार्गों का बड़ा नेटवर्क है। देश के प्रमुख महानगरों तक जाने वाले मार्ग मध्यप्रदेश से होकर गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि हम सड़क सुरक्षा प्रबंधन और दुर्घटनाएं रोकने के मामले में देश में पांचवें स्थान पर हैं। समाज सरकार, जनप्रतिनिधियों और प्रदेश के हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से हम इस क्षेत्र में नंबर वन राज्य बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यशाला में मंथन से निकले सुझाव सड़क सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक धरोहर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी ओरछा को आज नई सौगातें मिल रही हैं। मध्यप्रदेश विकास के मामले में देश का शीर्ष राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक अच्छे वाहन चालक की सच्ची कुशलता तो इस बात में है कि हम सड़क पर अपनी सेंसिबल ड्राइविंग और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण से दूसरों को भी प्रेरणा दें। सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक सजगता से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। जन-जागरुकता से समाज में एक सुरक्षित यातायात संस्कृति और इसके लिए जरूरी व्यवस्थाओं का निर्माण किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध करवाने में हमारी सरकार कभी भी पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दवाकर सड़क सुरक्षा के आधुनिक उपायों पर आधारित एडवांस एप्लीकेशन संजय का शुभारंभ किया। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के साथ डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर दो अलग एमओयू हस्ताक्षरित कर परस्पर आदान-प्रदान किये गये।

### गीतांजलि कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता का आयोजन




**भोपाल ■ निसं**

शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय भोपाल में जिसमें जिले के आई.इ.एच.इ. भोपाल, शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल, राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, लक्ष्मीपति कॉलेज भोपाल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, यूटीडी भोपाल, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंस, वी एन एस कॉलेज भोपाल, शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय भोपाल, शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल, शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, कमलनाथ कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम ने भाग लिया।

प्रतियोगिता मे बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही द्य गीतांजलि महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही द्य संभागस्तरीय प्रतियोगिता हेतु जिले का दल होम साइंस महाविद्यालय नर्बादपुरम जाएगी।

### एम्स भोपाल ने विद्यार्थियों और नागरिकों को सिखाए जीवनरक्षक सीपीआर कौशल



**भोपाल ■ निसं**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एम्स भोपाल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग द्वारा संचालित नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट (एनईएलएस) ड्राइव के अंतर्गत शहरभर में सीपीआर सप्ताह का सफल आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को जीवनरक्षक कौशलों से सशक्त बनाना है। दूसरे दिन इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैम्पियन स्कूल, भोपाल में आयोजित सत्र में 1,200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन युवाओं को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की महत्वपूर्ण तकनीक सिखाई गई, जिससे वे आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया देने में सक्षम बन सकें।

एम्स भोपाल के ओपीडी क्षेत्र में आयोजित एक अन्य सत्र में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस पहल ने चिकित्सा आपात स्थितियों में समय पर हस्तक्षेप के महत्व को उजागर किया और शहर की आपातकालीन तैयारी को सशक्त बनाया।

टीआईटी कॉलेज, भोपाल में आयोजित एक और सत्र में 100 से अधिक प्रतिभागियों को केवल कंप्रेशन आधारित सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम ने संकट की स्थिति में जीवन बचाने में सीपीआर के महत्व को रेखांकित किया।

### हिंदू उत्सव समिति न्यू मार्केट में पोस्टर लेकर पहुंची

# अब सनातनी दिवाली मनाने की अपील

**भोपाल ■ निसं**

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में अब सनातनी दिवाली मनाने की अपील की गई है। बुधवार को हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी शहर के न्यू मार्केट में पहुंचे और ग्राहकों से हिंदुओं से ही सामान खरीदने की अपील की।

समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी समेत कई संत भी न्यू मार्केट में ग्राहकों से सनातनी अपील करते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से खरीदारी कतई न करें, जो हिंदुओं को काफिर कहते हैं। मस्जिदों से फतवा जारी किया जाता है। इसलिए हिंदू व्यापारियों से ही खरीदारी करें।

**पोस्टर लेकर बाजार में घूमे:** हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी और संत न्यू मार्केट में पोस्टर लेकर घूमे। ग्राहकों से कहा कि व्यवहार और त्योहार दोनों सनातनियों के साथ ही बनाएं। हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच मुहिम चला रहा है। समिति अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि वे न्यू मार्केट में पहुंचे और ग्राहकों से बात की। भोपाल के सभी बाजारों में जाएंगे और ग्राहकों से सनातनी दिवाली मनाने की ही अपील करेंगे।



### 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षा सात फरवरी से शुरू होना है। नकल रोकने की कोशिशों में इस बार माशिमं नई शुरुआत करने जा रहा है। पहली बार बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। इसके लिए माशिमं चुने हुए 200 केंद्रों पर प्रत्येक कक्ष में कैमरे लगवाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक उन स्कूलों को प्राथमिकता से परीक्षा केंद्र बनाया जाता रहा है, जहां सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। लेकिन प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में मंडल ने खुद सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी की है। यह कैमरे किराए के होंगे, जिन्हें परीक्षा से पहले लगाया जाएगा और परीक्षा खत्म होने के बाद हटा लिया जाएगा। इसके लिए निविदा प्रक्रिया जल्दी ही शुरू होगी। इसके बाद ही स्पष्ट होगा कि 200 स्कूलों में कैमरा लगवाने पर कितना खर्च आता है। संवदेनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। जिन स्कूलों में कैमरे चालू हालत में नहीं होंगे, वहां इन्हें चालू करवाया जाएगा।




### चिकित्सा महाविद्यालयों में खाली पदों को भरा जाएगा

# मप्र में नर्सिंग, एएनएम और अन्य तकनीकी संवर्गों की होगी भर्ती

**भोपाल ■ निसं**

मप्र में सरकारी नौकरियों का पिटारा खुलने लगा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देश पर विभागवार भर्तियां निकाली जा रही है। इसी कड़ी में मप्र में नर्स भर्ती पर बढ़ा अपडेट सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग ने सन 2023 की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के बाद और 2024 की प्रक्रिया चालू करने का फैसला लिया है। इसके अलावा 1 हजार से ज्यादा नए पदों के लिए भी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में यह बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मानव संसाधन सुदृढ़ करने को कहा। इसके लिए नर्सिंग, एएनएम और अन्य तकनीकी संवर्गों की भर्ती प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के साथ पूरी करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने उपकरणों की खरीदी और विकास कार्यों की भी पड़ताल की।



#### मेडिकल टीचर्स के वेतन-भत्तों में वृद्धि पर चर्चा

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर दिशा निर्देश दिए। इनमें सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में मेडिकल टीचर्स के वेतन-भत्तों में वृद्धि, नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती शीघ्र पूर्ण करने के बिंदु भी शामिल हैं। रीवा जिला चिकित्सालय में 200 बेड उन्नयन के बाद 225 नए पदों की मंजूरी की प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। बुधनी चिकित्सा महाविद्यालय के अनुबंध पुनरीक्षण और एमपीबीडीसी द्वारा निर्माणाधीन सीसीएचबी भवनों के भुगतान संबंधी समस्याओं के निराकरण पर भी चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सागर चिकित्सा महाविद्यालय में यू जी अपग्रेडेशन के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरा करने को कहा। श्योपुर और सिंगरौली के नए चिकित्सा महाविद्यालयों के अनुबंध पुनरीक्षण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव और आयुक्त तरुण राठी भी इस अहम बैठक में उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर की जा रही भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी करने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि सन 2023 में रिक्त 515 पदों पर प्रतीक्षा सूची से काउंसलिंग शुरु कर दी गई है। यह प्रक्रिया 13 अक्टूबर से प्रारंभ की है। अधिकारियों ने बताया कि सन 2024 की भर्ती की प्रक्रिया सन 2023 की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद करने का फैसला लिया गया है। इसमें कुल 972 पदों पर भर्ती की जानी है।

**1260 पदों के लिए भर्ती करने का फैसला:** स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग संवर्ग के करीब 1260 पदों के लिए भर्ती करने का फैसला लिया है। इसके लिए नियम संशोधन का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया गया है। इसी के साथ चिकित्सा महाविद्यालयों में भर्ती संबंधी प्रस्तावों पर विभागीय स्तर पर कार्यवाही चल रही है। इन महाविद्यालयों में नर्सिंग के करीब 1000 पदों तथा नर्सिंग ट्यूटर (टीचर्स) के कुल 711 पदों (328 + 383) की भर्ती का प्रस्ताव है।

### मछली परिवार के सदस्य पहुंचे क्राइम ब्रांच

# यासीन और शाहवर के साथ हुए ट्रांजेक्शन की मांगी जानकारी

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल के हाईप्रोफाइल ड्रग तस्करी, यौन शोषण और जमीन कब्जाने के मामलों में जेल में कैद आरोपी यासीन और शाहवर के साथ ट्रांजेक्शन मामले में बयान दर्ज कराने आज शारिक मछली 11 वकीलों के साथ भोपाल क्राइम ब्रांच के ऑफिस पहुंचे हैं। क्राइम ब्रांच ने मछली परिवार को नोटिस देकर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। ब्रांच ने मछली परिवार की प्रॉपर्टी और बैंक की जानकारी मांगी थी।

ड्रग्स तस्करी और यौन शोषण के मामले में भोपाल क्राइम ब्रांच ने भतीजे यासीन अहमद उर्फ मछली और चाचा शाहवर अहमद उर्फ मछली को जुलाई में गिरफ्तार किया है। रिमांड के दौरान आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए थे। आरोपी राजस्थान से भी ड्रग लाने का काम करते थे। वे सडक़ मार्ग से ड्रग लाते थे और भोपाल के अलग-अलग पब और लाउंज में पुराने और भरोसेमंद फिक्स कस्टमरों तक ड्रग पहुंचाते थे। डिलीवरी देने के लिए कई बार लड़कियों को भेजा जाता था। इस काम के एवज में लड़कियों को ड्रग की फ्री खुराक दी जाती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी सुरक्षा गार्ड्स की भर्ती होगी

**खंडवा।** प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी एसआईएस इंडिया लिमिटेड पुणे द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए निजी सुरक्षा गार्ड्स की भर्ती की जाएगी। इसके लिए कंपनी द्वारा पुलिस चौकी एवं थाना परिसर में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड कंपनी पुणे को पुलिस चौकी परिसर रामनगर में 16 अक्टूबर को, पुलिस चौकी परिसर रामेश्वर में 17 अक्टूबर को, पुलिस चौकी परिसर बीड़ में 18 अक्टूबर, पुलिस थाना परिसर मूंदी में 19 अक्टूबर, पुलिस थाना परिसर छैगांवमाखन में 21 अक्टूबर पुलिस चौकी देशगांव में 22 अक्टूबर, पुलिस थाना परिसर धनगांव में 23 अक्टूबर, पुलिस थाना परिसर मांधाता में 24 अक्टूबर, पुलिस थाना परिसर जावर में 26 अक्टूबर, थाना परिसर पिपलोद में 27 अक्टूबर, पुलिस चौकी परिसर आशापुर में 28 अक्टूबर, थाना परिसर हरसूद में 30 अक्टूबर, चौकी परिसर पुनासा में 31 अक्टूबर, अजाक थाना परिसर में 2 नवंबर तथा रक्षित केंद्र खंडवा में 3 नवंबर को निजी सुरक्षा गार्ड्स की भर्ती के लिए शिविर आयोजित करने की अनुमति दी गई है।

### ग्राम जलवाबुर्जुग के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया बोरी बांध

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थित नदी नालों में बहते हुए पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान संरचनाएं बनवायी जा रही हैं, क्योंकि इनसे रुके हुए पानी से आसपास के जल स्रोतों में पानी का स्तर बढ़ेगा। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पुनासा की नवांकुर संस्था श्री संत सिंगाजी ग्राम उत्थान सेवा समिति जलवाबुर्जुग एवं हायर सेकेंडरी जलवाबुर्जुग द्वारा ग्राम के पटेल के खेत के पास स्थित नाले पर श्रमदान से 50 बोरी का बोरी बंधान का निर्माण किया गया। जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक मोहन जाट ने इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमें जल को बचाने के लिए बहते पानी को रोकना होगा बोरी बंधान से भूमि का जल स्तर तो बढ़ेगा, साथ ही किसानों की फसल के लिए पानी मिल मिलेगा, तथा पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध होगा।

### नापतोल विभाग ने 7 प्रकरण दर्ज किये

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर दिवाली पर्व पर खंडवा जिले में विशेष जांच अभियान चलाकर मिठाई, नमकीन, हार्डवेयर, पेंट व किराना दुकानों की जांच कर 7 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। सहायक नियंत्रक नापतौल खण्डवा श्री आर.पी. गजभिये ने बताया कि जिन दुकानदारों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए हैं, उनमें माँ भगवती राजस्थान स्वीट मार्ट छनेरा, कन्हैया बीकानेर स्वीट्स पुनासा, जय अंबे होटल बीड़ में विक्रय किया जा रहे नमकीन के पैकेजों पर नियमानुसार आवश्यक घोषणाएं अंकित नहीं पाई गई।

## शादी के दो दिन बाद गहने और नकद लेकर भागी दुल्हन, सिलवानी से पकड़ाई

# लक्ष्मी ने आरती बनकर की थी सुनील से शादी, तीन गिरफ्तार

सागर ■ निसं

सागर के कैंट थाना क्षेत्र में युवक से शादी कर नकद और गहने लेकर भागी दुल्हन और उसके कथित भाई को पुलिस ने सिलवानी के सियरमऊ से गिरफ्तार कर लिया है। थाने लाकर दोनों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने शादी कर ठगी करने की वारदात कबूल की है।

पुलिस के अनुसार, कैंट थाना में 13 अक्टूबर को धरमोबाई पति हरप्रसाद यादव (60 वर्ष), निवासी 15 मुहाल सदर बाजार ने शिकायत दर्ज कराई। धरमोबाई ने बताया कि वह अपने बेटे सुनील के लिए लड़की तलाश कर रही थीं।

इस दौरान उनके रिश्तेदार राजू यादव, निवासी धनुआ मेढ़की ने सुनील के लिए भौरासा निवासी आरती यादव का रिश्ता बताया। राजू यादव ने कहा कि लड़की के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, इसलिए शादी का सारा खर्च लड़के के परिवार को उठाना होगा।

**शादी के 2 दिन बाद दुल्हन फरार:** धरमोबाई ने राजू यादव की बात मान ली और 12 सितंबर को अपने बेटे सुनील की शादी आरती यादव से कर दी। शादी में अलग-अलग रस्मों पर करीब 80 हजार रुपये नकद, सोने का हार, चांदी की करधौनी, पायल और पेंडल शगुन के तौर पर दिए गए। लेकिन 14 सितंबर को दुल्हन आरती यादव, अपने साथ नकद रकम और जेवर लेकर भाई रामनाथ यादव के साथ फरार हो गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

राजू यादव ने बताया कि घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए और उनका कोई पता नहीं चला। उसकी जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम सिलवानी पहुंची और वहां फोटो दिखाकर दोनों आरोपियों की पहचान और पता लगाने की कार्रवाई शुरू की।



### फर्जी नाम भी रखे

पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों की जानकारी जुटाई और राजू यादव, आरती यादव और रामनाथ यादव की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने राजू यादव को हिरासत में लिया और थाने लाकर उससे पूछताछ की। पूछताछ में राजू यादव ने बताया कि उसने अपने साथियों लक्ष्मी बंसल और बब्बू बंसल के साथ मिलकर शादी का झांसा देकर लोगों से पैसे ठगने की योजना बनाई थी। इस काम के लिए लक्ष्मी बंसल ने फर्जी नाम आरती यादव और बब्बू बंसल ने रामनाथ यादव नाम रखा था।

### सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल जब्त

लोकेशन का पता चलते ही बुधवार को पुलिस ने आरोपी बब्बू बंसल उर्फ रामनाथ यादव (27) और लक्ष्मी बंसल उर्फ आरती यादव (30), दोनों निवासी ग्राम सियरमऊ, सिलवानी, को गिरफ्तार कर लिया। कैंट थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि पूछताछ में पुलिस ने आरोपियों से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और करीब 3 लाख रुपये मूल्य का सामान बरामद किया है। पुलिस अब आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है।

# विधायक एवं जिला पंचायत सीईओ ने बोरी बंधान के लिए किया श्रमदान



खंडवा ■ निसं

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में वर्षा ऋतु की समाप्ति के साथ ही नदी नालों में बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान संरचनाएं बनायी जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को छैगांवमाखन विकासखंड की ग्राम पंचायत छैगांवदेवी में गांव के नाले के बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान निर्मित किया गया। इस दौरान पंधाना क्षेत्र की विधायक श्रीमती छाया मोरे एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने भी स्थानीय ग्रामीणों के साथ नाला बंधान निर्माण कार्य में श्रमदान किया।

विधायक श्रीमती मोरे ने स्थानीय ग्रामीणजनों से इस अवसर पर कहा कि पानी की एक एक बूंद कीमती है, इसलिए इसे बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बोरी बंधान निर्माण से आसपास के खेतों में सिंचाई और गांव के मवेशियों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि गांव के अन्य नदी नालों पर भी इस तरह की संरचना निर्मित कर बहते पानी को रोकें ताकि गांव के जल स्त्रोतों का जल स्तर अधिक समय तक बना रहे और गांव के पशुओं के लिए भी भरपूर पानी उपलब्ध रहे।

## ग्वालियर में बच्चों के एंटीबायोटिक सिरप में मिले कीड़े

# एजिथ्रोमाइसिन के बांटने पर रोक, सैंपल भोपाल भेजे, दूसरे जिलों में भी खेप की जांच

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में बच्चों को दी जाने वाली एंटीबायोटिक दवा एजिथ्रोमाइसिन ओरल सस्पेंशन सिरप में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। एक महिला ने इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद ड्रग विभाग ने तत्काल सिरप के बांटने पर रोक लगा दी है। सैंपल जांच के लिए भोपाल की लैब में भेजे हैं। साथ ही पूरे प्रदेश में इस दवा को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

**महिला ने सिरप में देखे कीड़े, की शिकायत:** यह मामला जिला अस्पताल मुरार के अधीन प्रसूति गृह अस्पताल का है। मंगलवार को ओपीडी में बच्चे को दिखाने आई एक महिला को डॉक्टर ने एजिथ्रोमाइसिन सिरप दवा वितरण केंद्र से दिलवाया था। जब महिला ने सिरप खोला, तो उसमें काले रंग के कीड़े जैसे तत्व दिखाई दिए। महिला ने इसकी जानकारी सिविल सर्जन डॉ. आरके शर्मा को दी, जिसके बाद तुरंत जांच शुरू की गई।



### महाकाल दर्शन करने आई नाबालिग मुंबई से बरामद

**उज्जैन।** यूपी के झांसी से अपनी मां के साथ महाकाल दर्शन करने आई नाबालिग बेटी दर्शन करने के बाद से गायब थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद महाकाल थाना पुलिस ने नाबालिग को मुंबई से बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया है। 10 अक्टूबर को झांसी (उत्तरप्रदेश) निवासी महिला ने थाना महाकाल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ दिनांक 09.10.2025 को महाकाल दर्शन हेतु उज्जैन आई थी। दर्शन के दौरान महिला अपना बैग हरसिद्धि पाल पर एक महिला के पास रखकर बेटी के साथ दर्शन करने चली गई। दर्शन के बाद बेटी को बैग लाने भेजा तो वह वापस नहीं लौटी। आसपास काफी तलाश करने पर भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिला। महिला की रिपोर्ट पर थाना महाकाल में अपराध क्रमांक 455/25 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

## इंदौर में ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में एक और मौत

# अब तक 4 लोगों की मौत, आठ मरीज अभी भी हॉस्पिटल में एडमिट



इंदौर ■ निसं

इंदौर में दो दिन पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 लोगों की मौत के बाद एक और मौत हो गई। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इनमें से आठ अभी अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट हैं।

घायलों में पप्पी बाई की मंगलवार रात को मौत हो गई। उधर, मंगलवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्राम बीबीखेड़ी पहुंचकर दु:खद हादसे में काल कवलित हुए तीनों दिवंगतों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और भारी मन से उन्हें विदाई दी तथा उनकी सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### मंत्री सिलावट ने घायलों के इलाज को लेकर ली बैठक

इस बीच सिलावट ने मंगलवार को सिविल हॉस्पिटल सांवेर में अधिकारियों और डॉक्टरों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी घायलों के स्वास्थ्य और उपचार व्यवस्था के संबंध में चर्चा की तथा उनके लिए हर प्रकार की सुविधा एवं मदद सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

गौरतलब है सोमवार शाम सांवेर के चन्द्रावतीगंज के ग्राम हरियाखेड़ी में हुए दर्दनाक हादसे में पहले 3 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार दिवंगतों के परिवारों के लिए राहत स्वरूप 4-4 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

# भावांतर योजना में पंजीयन कराने की किसानों से की अपील

### 17 अक्टूबर निर्धारित है पंजीयन की अंतिम तिथि




सीहोर ■ निसं

कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में भावांतर योजना में सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भावांतर योजना के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की है, कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, एमपी ऑनलाइन तथा एमपी किसान एप के माध्यम से भावांतर योजना में अपना पंजीयन कराएं। ताकि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिल सके। पंजीयन के लिए पंजीयन केंद्र जाते समय किसान अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र साथ लेकर जाएं।

## रिलायंस स्मार्ट पॉइंट पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# एक्सपायर माल बरामद, ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नाराज

सिवनी मालवा ■ निसं

नगर में त्योहारों के मौसम में जब लोग बाजारों में खरीदारी करने उमड़ रहे हैं, ऐसे समय में शहर के प्रमुख रिटेल स्टोर रिलायंस स्मार्ट पॉइंट से उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है। बुधवार शाम जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र राणा, नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनय सैनी ने संयुक्त रूप से स्टोर पर छापा मार कार्रवाई की। जांच दल के साथ अधिकारी जब नगर मे स्थित रिलायंस स्मार्ट पॉइंट पहुंचे तो वहां बड़ी मात्रा में एक्सपायर खाद्य एवं उपभोक्ता सामग्री पाई गई। इनमें कई दैनिक उपयोग की वस्तुएं, दाल, चावल, आटा, लस्सी, आइसक्रीम और पैक्ड फूड शामिल थे, जिनकी एक्सपायरी डेट बीत चुकी थी लेकिन वे अब भी बिक्री के लिए शेल्फ पर रखे हुए थे।



अधिकारियों ने मौके पर ही स्टोर मैनेजर से कड़ी पूछताछ की और ऐसे लापरवाह व्यवहार पर नाराजगी जताई। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र राणा ने कहा – त्योहारों के सीजन में जब लोग परिवार के साथ खरीदारी करने आते हैं, तब इस तरह का कृत्य उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़ के समान है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जांच दल ने एक्सपायर उत्पादों को तत्काल प्रभाव से जब्त किया और कुछ वस्तुओं के सैंपल आगे की जांच के लिए लैब में भेजने की प्रक्रिया शुरू की। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि रिपोर्ट में गड़बड़ी पाई जाती है तो रिलायंस स्मार्ट पॉइंट प्रबंधन के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि बड़े ब्रांड पर उपभोक्ता भरोसा करके खरीदारी करते हैं, लेकिन अगर ऐसे प्रतिष्ठान ही नियमों का पालन न करें तो यह चिंता का विषय है।

# 14 साल के नाबालिग को 5 लड़कों ने मारा चाकू

### रूपए को लेकर था विवाद, पुलिस मामले की जांच कर रही

इंदौर ■ निसं



इंदौर के द्वारकापुरी में एक 14 साल के लड़के को 5 लड़कों ने घेरकर चाकू मारे। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया। घायल की पहचान गौरव (14) पुत्र मुन्ना वर्मा के तौर पर हुई है। मामले में बाला, नैतिक, प्रिंस और अभिषेक व एक अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है।

**रूपए के लेनदेन को लेकर विवाद:** गौरव ने अपने बयान में बताया कि वह एक टेंट हाउस पर काम करता है। रूपए के लेनदेन को लेकर बाला से विवाद चल रहा है। मंगलवार शाम करीब 6 बजे दोस्तो को लेकर प्रजाप्रत दूध डेयरी पर पहुंचे थे। यहां पर आरोपी अभिषेक और बाला काम करते है।

यहां आपस में झगड़ा हुआ तो प्रिंस ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद चले गए। रात में 9 बजे कालू नाम का लड़का आया और उसने बताया कि आरोपी उन्हें मारने के लिए ढूंढ रहे है। रात करीब 11 बजे प्रिंस और बाला व अन्य ने हत्या को लेकर धमकी दी।

## सांदीपनि आश्रम में कुबेर प्रतिमा: धनतेरस पर श्रद्धालु करेंगे दर्शन

# समृद्धि के लिए श्रद्धालु कुबेर की नाभि में इत्र लगाकर करते हैं कामना

उज्जैन ■ निसं

भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में स्थित कुंडेश्वर महादेव मंदिर में कुबेर की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन होते हैं। धनतेरस के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुख-समृद्धि की कामना के साथ भगवान कुबेर की नाभि में इत्र लगाने पहुंचते हैं। महर्षि सांदीपनि आश्रम परिसर में बने 84 महादेव मंदिरों में से 40वें क्रम पर श्री कुंडेश्वर महादेव मंदिर आता है। इस मंदिर के गर्भगृह में कुबेर की यह प्राचीन प्रतिमा स्थापित है।

साथ ही, मंदिर के शिखर के अंदर की ओर श्री यंत्र भी मौजूद है। मंदिर के पुजारी शिवांश व्यास के अनुसार, यहां विराजित कुबेर की प्रतिमा आकर्षक है। इसमें कुबेर के एक हाथ में सोम पात्र है, जबकि दूसरा हाथ वर मुद्रा में है। उनके कंधे पर धन की पोटली रखी है।



प्रतिमा में तीखी नाक, उभरा पेट और शरीर पर अलंकार कुबेर के स्वरूप को विशेष बनाते हैं। गर्भगृह में बालाजी, वामन देव और भगवान नारायण की प्राचीन प्रतिमाएं भी स्थापित हैं।धनतेरस से दीपावली पर्व तक भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु कुबेर की तोंद पर हाथ फेरते हैं और उनकी नाभि में इत्र लगाते हैं। इसके साथ ही, मिष्ठान और अनार का भोग भी चढ़ाया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि इससे कुबेर देव प्रसन्न होकर धन-धान्य का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।यह कुबेर प्रतिमा लगभग 1100 वर्ष पुरानी बताई जाती है।

प्रतिमा से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि जब भगवान कृष्ण ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम से अपनी शिक्षा पूरी कर ली थी, तब गुरु दक्षिणा देने के लिए भगवान नारायण के सेवक कुबेर धन लेकर आश्रम आए थे। इसके बाद कुबेर यहीं विराजमान हो गए। भगवान कृष्ण के जाने के समय गुरु ने कुबेर का खजाना वापस देते हुए कृष्ण को राजा बनने का आशीर्वाद दिया था।

### पटवारी के आवेदन पर एस सी एस टी एक्ट सहित अन्य धाराओं मे दो लोगो पर प्रकरण दर्ज

**सिवनीमालवा।** स्थानीय पुलिस ने ग्राम बराखड़ कला के पटवारी महेंद्र मेहरा के द्वारा दिये गये शिकायती आवेदन की जांच कर दो लोगो पर एस सी एस टी एक्ट सहित अन्य धाराओ मे प्रकरण दर्ज किया है। पटवारी महेंद्र मेहरा ने 25 नवंबर 2024 को अपने साथ और अपनी माँ के साथ नरेंद्र रघुवंशी और सुनील यादव द्वारा उनके शासकीय आवास मे घुसकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर गंदी गंदी गालिया देकर शासकीय कार्य मे बाधा डालने, उनकी माँ के साथ अश्लील हरकते करने जान से मारने की धमकी देने पर आवेदन देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जिसकी जाँच के बाद पुलिस ने नरेंद्र रघुवंशी और सुनील यादव पर धारा 296,132,221, 351(3), 3(5) बी एन एस और 3(1) (द),3(1) (ध) एवं 3( 2) ( 1ड्ड) अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989( संशोधन 2015) मे दर्ज किया है।

# सीएम 265 करोड़ की राहत राशि किसानों को वितरित

उज्जैन ■ निसं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 अक्टूबर को उज्जैन आकर सिंगल क्लिक के माध्यम से अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन की फसल से हुए नुकसान को लेकर किसानों के खाते में राहत राशि डालेंगे। उज्जैन में होने वाले कार्यक्रम के लिए अभी स्थान तय नहीं हुआ है, लेकिन उज्जैन में कुल 265 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि किसानों के खाते में सिंगल क्लिक से डाली जाएगी। अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा ने बताया कि अति वृष्टि से खराब हुई सोयाबीन की फसल की राहत राशि को किसानों के खाते में डालने के लिए सीएम उज्जैन आएंगे। यहां तहसील 1126 गांव के किसानों को 265 करोड़ की राशि वितरित करेंगे। जिसमें उज्जैन तहसील 124 गांव में 30 करोड़ की राशि,कोठी महल में 14 गांव 79 लाख 60 हजार,घट्टिया में 128 गांव में 28 करोड़ 50 लाख,खाचरोद के 110 गांव 36 करोड़ 36 लाख, नागदा में 64 गांव में 23 करोड़ 61 लाख, बड़नगर के 193 गांव के 35 करोड़, उन्हेल के 50 गांव में 12 करोड़ 62 लाख रुपए, महिदपुर के 125 गांव के 25 करोड़, झारड़ा के 113 गांव में 25 करोड,तराना के 124 गांव के 24 करोड़ 20 लाख रुपए, माकड़ोन के 120 गांव के किसानों को 20 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।

## अनमोल वचन

खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है।
**अज्ञात**

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।
**एलेअनोर रूज़वेल्ट**

# सम्पादकीय

## देशद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: लोकतंत्र की जड़ों की रक्षा की दिशा में बड़ा कदम

*सुप्रीम कोर्ट ने देशद्रोह कानून पर जो सख्त रुख अपनाया है, वह भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए यानी राजद्रोह कानून से संबंधित याचिकाओं को पाँच जजों की संविधान पीठ को भेजने का जो निर्णय लिया है, वह केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आज़ादी की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा है। राजद्रोह कानून की उत्पत्ति औपनिवेशिक शासन में हुई थी। अंग्रेजों ने 1870 में इसे इसलिए बनाया था ताकि भारत में स्वतंत्रता की आवाज़ उठाने वाले क्रांतिकारियों, पत्रकारों और बुद्धिजीवियों को कुचल सके। इस कानून के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाल गंगाधर तिलक जैसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी अभियुक्त बनाए गए थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में उम्मीद जागी थी कि इस काले कानून को समाप्त कर दिया जाएगा, लेकिन अफसोस कि यह आज तक जीवित है, और कई बार तो यह उस रूप में भी नजर आया, जो लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है। आज़ादी के बाद से ही यह कानून सरकारों के हाथों में एक ऐसा औज़ार बन गया, जिसका इस्तेमाल विरोधी विचारों को कुचलने में हुआ। चाहे पत्रकार हों, मानवाधिकार कार्यकर्ता या आम नागरिक हों, किसी भी असहमतिपूर्ण आवाज़ को राष्ट्रविरोधी कहकर निशाना बनाया जा सकता था। इसी मनमाने इस्तेमाल पर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई थी। अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा था कि जब यह कानून औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक है, तो इसे क्यों बनाए रखा जाए। लेकिन सरकार ने अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के ज़रिए उसी कानून को नए नाम और थोड़े बदले हुए शब्दों में फिर से पेश कर दिया। अब इसे भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाला अपराध कहा गया है। हालांकि राजद्रोह शब्द हटा दिया गया, लेकिन इसकी भावना लगभग वैसी ही बनी हुई है। यानी जो व्यक्ति सत्ता की आलोचना करे या सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, उसे अब भी आसानी से देशविरोधी करार दिया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने अदालत में कहा, कि कानून का दुरुपयोग ऐसा है जैसे किसी को एक लकड़ी काटने की अनुमति देना, और वह धीरे-धीरे पूरा जंगल काट दे। यह टिप्पणी बेहद प्रतीकात्मक है, यह दिखाती है कि यदि नागरिकों की आवाज़ पर नियंत्रण रखने की कानूनी छूट दी जाए, तो धीरे-धीरे लोकतंत्र का पूरा ढांचा खोखला हो जाता है। अदालत ने यह भी साफ किया कि नए कानून आने से पुराने मामलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा; यानी उन मामलों में न्यायिक जांच जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट की यह सख्ती न केवल संविधान के अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने से जीवित रहता है। लोकतांत्रिक समाज में असहमति को अपराध नहीं, बल्कि सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा माना जाना चाहिए। यह फैसला मोदी सरकार ही नहीं, बल्कि आने वाली सभी सरकारों के लिए भी एक संदेश है, कि नागरिकों की आवाज़ को कुचलने वाले औपनिवेशिक कानूनों की समीक्षा अब टाली नहीं जा सकती। संसद को चाहिए कि वह इस दिशा में गंभीरता से विचार करे और ऐसा ढांचा बनाए जिसमें देश की अखंडता की रक्षा हो, लेकिन नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई खतरा न आए। राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट का यह रुख लोकतंत्र की आत्मा को बचाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह केवल एक कानूनी बहस नहीं, बल्कि उस संघर्ष का हिस्सा है जिसमें नागरिक अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खड़े हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि सत्ता, कानून और न्यायपालिका, तीनों यह समझें कि असहमति को दबाने से राष्ट्र मजबूत नहीं होता, बल्कि कमजोर होता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह दिखा दिया है कि संविधान की मूल भावना हम भारत के लोग आज भी सर्वोपरि है। देशद्रोह कानून पर पुनर्विचार केवल एक कानूनी सुधार नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को सुरक्षित करने की ऐतिहासिक पहल है। यही वह क्षण है जब न्यायपालिका ने साबित किया है कि वह न केवल कानून की व्याख्या करती है, बल्कि स्वतंत्रता और न्याय की मशाल भी जलाए रखती है।*

# चिंतन-मनन

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुत: उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं। भाग्य यदि कभी कुछ करता होगा तो निश्चय ही उसे पहले मनुष्य की मनोरुचि में ही प्रवेश करना पड़ता होगा, जिसकी अंतःगतिविधियां सही दिशा में चलने लगीं हैं। किंतु जिसका मानसिक स्तर चंचलता, अवसाद, अवास, आलस्य, आवेश, दैन्य आदि से दूषित हो रहा है, उसके लिए अच्छी परिस्थितियां और अच्छे साधन उपलब्ध होने पर भी दुर्गति का ही सामना करना पड़ेगा।

# विश्व शांति का दिव्यास्त्र अहिंसा



कांतिलाल मांडोत

*दूसरी तरफ बंधकों की रिहाई पर खुशी झलक रही थी।दो साल से इजराइली सेना ने हमास पर हमला किया।हजारो लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए।करोड़ो की सम्पति नष्ट हुई। लेकिन परिणाम शून्य आया।आज विश्व मे दो सौ देश है। सभी राष्ट्रों का अपना धर्म, अपनी परम्परा और अपनी संस्कृति है।*

## इजराइल हमास युद्ध पर पूर्ण विराम से मध्य पूर्व में शांति

हमास इजराइल में 738 दिन के बाद स्थायी युध्द विराम के तुरंत बाद सभी बंधकों को छोड़ दिया।इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल संसद को सम्बोधित किया।रिहा हुए इजराइली बंधकों से मिलकर परिजन भावुक हो गए।वह दृश्य वेदना देने वाला था। दूसरी तरफ बंधकों की रिहाई पर खुशी झलक रही थी।दो साल से इजराइली सेना ने हमास पर हमला किया।हजारो लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए।करोड़ो की सम्पति नष्ट हुई।लेकिन परिणाम शून्य आया। आज विश्व मे दो सौ देश है।सभी राष्ट्रों का अपना धर्म, अपनी परम्परा और अपनी संस्कृति है।उनके रास्ट्रीय आदर्श है।वे अपने आदर्श नही त्यागते है,फिर हमें आदर्श त्यागने की जरूरत क्या है।देश मे हिंसा करने की शासकीय स्वीकृति भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति पर कालिख पोतने के समान है।धर्म को जाने बिना अहिंसा का ज्ञान नही हो सकता। हम धर्म को समझकर ही धार्मिक बन सकते है।इतने वर्षों से विदेशो में गृहयुद्ध चल रहे है।लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नही हुआ।सभी युद्ग्रस्त देश ज्यादा उलझते गए है।क्योंकि युद्ध से आज दिन तक कोई समस्या का समाधान होता नही दिखा है।क्योंकि हिंसा अन्यायपूर्ण है।ईरान इराक,इजराइल हमास,रूस युक्रेन ,भारत पाकिस्तान आदि अनेक देश युद्ध कर चुके है।लेकिन नतीजा वो ही ढाक के तीन पात वाली कहावत यहाँ चरितार्थ होती दिखाई देती है।कोई भी देश अपने तुच्छ स्वार्थ के लिए यदि हिंसा का सहारा लेते है तो उनके जैसा मूर्ख कौन होगा? युद्ध को त्यागकर देश के विकास की तरफ ध्यान देना होगा।रूस युक्रेन युद्ध मे क्या खोया क्या पाया? युक्रेन नाटो की मदद से लड़ता रहा और दोनो देश तबाही के दंश झेल रहे है।अपनी मनमानी और जिद्द में दोनो देश बर्बाद हो गए।खरबो डालर का धुआं कर सम्पति को राख में तब्दील करके शांति धारण कर बैठ गए।विश्व शांति का दिव्यास्त्र अहिंसा है।युद्ध स्थायी समाधान नही है।आज अहिंसा का स्थान हिंसा ने,आचार का स्थान अनाचार ने और शांति के स्थान पर अशान्ति ने अपने पैर फैला दिए है।दो देशो के बीच बिगड़ते रिश्ते के साथ ही युद्ध पर उतारू हो जाते है।युद्ध से निर्दोष लोगों की जाने जाती है।जानमाल की क्षति होती है।जीवन मे युद्ध को भूलकर शांति का सुमार्ग ढूंढना है तो हमे सर्वप्रथम धर्म के आंगन में उतरना होगा।धर्म को किसी एक परिभाषा में नही बांधा जा सकता है।अहिंसा के समान कोई धर्म नही है।अहिंसा परम् धर्म है।अहिंसा दिव्यास्त्र है।महात्मा गांधी ने स्वराज पाने का अपना भारतीय स्वाधीनता का आंदोलन चलाया और उन्हें अपने कार्य मे पूर्ण सफलता भी मिली।कुछ नासमझ लोग हिंसा को सर्वोपरि मानते है क्योंकि वे अहिंसा से परिचित नही है।वे कहते है कि आज के युग मे अहिंसा की बात कैसे सोची जा सकती है,

लेकिन अहिंसा तो जीवन जीने की सिख देती है।युद्ध थोपे गए,निर्दोषों के शवों पर राजनीति की गई ,लेकिन भारत और पाकिस्तान, रूस-युक्रेन,ईरान इराक इजराइल और हमास जैसे युद्ग्रस्त देशों के वहा किसी समस्या का समाधान हुआ है?निर्दोष के लहू से सियासत की राजनीति के पीछे सच्चाई कुछ और बयां कर रही है।

धर्म को जानने वाला अहिंसा का पथ कभी नही त्याग सकता है।रूस के राष्ट्रपति व्लदीमिर पुतिन महत्वकांक्षी व्यक्ति है।क्योंकि मन मे अहंकार जागृत हो जाता है तो उसी क्षण मानव की प्रगति का पथ अवरुद्ध हो जाता है।क्योंकि पुतिन को इस बात का अहंकार था कि युक्रेन के पास आधुनिक टेक्नोलॉजी की कमी है।रूस शक्तिशाली देश है।लेकिन चार साल तक युक्रेन ने रूस का बराबर मुकाबला किया तब अहसास हुआ कि मेरी सोच गलत थी।दोनो देश बर्बाद हो गए।क्योकि जहाँ अहंकार जागृत हो जाता है,वही व्यक्ति स्वयं को शिखर समझने लगता है।हमास ने सबसे पहले इजरायल पर हमला किया।उसके जवाब में इजराइल ने दो साल तक युद्ध थोपे रखा।जब तक अंहकार की हवा भरी हुई रहती है,तब तक आदमी उछलता रहता है।सच्चाई का पता चलेगा तब अहसास होगा कि जीवन के सुनहरे पल हमने गंवा दिए है।मान और अहंकार ने हम भी इतिहास पढ़ चुके है कितने राज्य नष्ट किये है।कितने परिवार नष्ट हुए है।क्योंकि युद्ध तो बड़ी बात है।अहंकार में पति पत्नी में तलाक हो जाता है।बच्चो की जिंदगी माता पिता के अहं की टकराहट में तबाह हो जाती है।दुनिया में बड़े बड़े धन कुबेर हुए।इस देश मे मुगल आये,अंग्रेज आये और चले गये।इंद्रिरा गांधी में मान चढ़ा तो जनता ने वास्तविकता जता दी।कुर्सी स्थायी नही है।इसलिए भले कार्य करने के मौके ढूंढते रहना चाहिए।मान नही करना है।क्योंकि कांग्रेस में अहंकार की हवा भरी हुई थी।उसने मान किया तो सरकार चली गई।

मान-अभिमान के प्रकारों और रूपों की कोई गणना नहीं है। जाति का मान, तंदुरुस्ती का मान, रूप, परिवार, यशकीर्ति, विद्या का मान, अपने पूर्वजों का मान। यहाँ तक कि मान न होने का भी मान, निरहंकारिता का भी अहंकार। मुझमें कोई मान नहीं है, इसका भी मान होता है। मैं अहंकाररहित हूँ, यह भाव निरहंकारिता का अहंकार है। कुछ लोगों को सत्य बोलने और ईमानदार होने का भी अहंकार होता है। मैं बहुत ईमानदार हूँ, मैं कभी झूठ नहीं बोलता-इस सोच में भी अहंकार है।

कभी-कभी आप भीतर अहंकार रखते हैं और वाणी में विनम्रता दिखाते हैं तो यह अपने आपको धोखा देना और परदा डालकर अहंकार को छिपाना है। याद रखें, अपने को छोटा कहना आसान है, पर छोटा समझना कठिन है और छोटा समझना ही अहंकार का अभाव होना है। युद्ध का पूर्ण विराम लगने के बाद भारत ने ट्रंप के शांति प्रयासों की सराहना की है।भारत को बड़ी खुशी हुई है।ट्रम्प ने कहा कि मैं इजराइल से इतना प्यार करता हूं कि मेरी बेटी ने भी यहूदी धर्म अपना लिया।ट्रम्प ने आश्वासन दिया कि इजराइल को किसी से खतरा नही होगा।लेकिन युद्ध विनाशकारी ही होते है।ये युद्ध विश्व युद्ध की आहट थी।लेकिन ट्रम्प के प्रयास ने मध्य पूर्व में शांति स्थापित कर दी।

# जीवन व मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला



नरेंद्र भारती

*जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्ध देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है।कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिये समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने मे व्यस्त रहता है। अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है।*

कैसी विडम्बना है कि जब इन्सान जिन्दा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होने जब जिन्दा था तो बात तक नहीं की होगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैंकड़ों चादरें डाली जाती है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्ध देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है।कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी।

आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिये समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने मे व्यस्त रहता है।अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है। गलत काम करके पैसा अर्जित करके आलिशान महल बना रहा है मगर पल की खबर नहीं है। आज कुछ तथाकथित अमीर बने लोग कारों में बैठकर ऐसे बन जाते है कि धरती पर चल रहे मानव को कीडे-मकोड़े समझते है आज कारे तों छोटे से छोटे लोगों ने रखी है कार में बैठकर कोई बड़ा नहीं बन सकता समाज के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने वाले के आगे कारों की चमक फीकी पड़ जाती है। यह लोग कार, कोठी और पैसे को ही जीवन का ध्येय मान बैठे हैं।महगें कपड़े पहन कर कोई आदमी बड़ा नहीं है बल्कि उसके गुणों के कारण ही पहचान होती है।कुछ लोग आत्मकेन्द्रित होते हैं बस अपना काम हो जाए दुनिया भाड़ में जाए।समाज में ऐसे लोग घातक होते है।आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए।कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए।वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए।आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए।किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए।क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है।ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है।गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए अगर गरीब की बददुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए।मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इन्सान के रुप में हमेशा याद किया जा सके। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए।आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है मगर उपर का खाता खाली है इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लोागों को दान पुण्य करना चाहिए। मानव को एकजुट होकर हर मानव का काम करना चाहिए, कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है।प्रत्येक मानव को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है।मानव जब कोई चीज बनाता है तो वह उसकी गांरटी तय करता है मगर उसकी अपनी कोई गांरटी नहीं है कि कब प्राण निकल जाएं।मानव को एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए।समाज को मंथन करना होगा।मौत सबको आती है कोई अमर नहीं होता।अमर होने के लिए कर्म करने पड़ते है।अच्छाई ही अदमी को अमर कर सकती है।युगों-युगों तक अच्छाई की मशाल जलती रहेगी।मानव जीवन एक बार ही मिलता है बार-बार नहीं मिलता। जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है।आज का इंसान साम,दाम दंड ,भेद जैसी नापाक नीतियां अपनाकर रात दिन अवैध तरीकों से जायदाद जोड़ रहा है मगर किसके लिए आज तक कोई उठा कर नहीं लेकर गया तो फिर यह मोह माया क्यों है।मानव को नीच कर्मो को छोड़ देना चाहिए अच्छे कर्म करने जीवन में कुछ एक ऐसे कार्य करने चाहिए कि समाज एक इंसान के रुप में याद करता रहे।आधुनिक इंसान पता नहीं किस गलतफहमी में जी रहा है कि सदा ऐसे ही चलती रहेगी।मौत एक अटल सच्चाई है। आदमी ही आदमी से भेदभाव करता है मगर मौत कोई भेदभाव नहीं करती।जिन्दगी एक बार मिलती है फिर यह नफरत क्यों की जा रही है।इंसान को इंसानियत नहीं भूलनी चाहिए।हर इंसान से एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।सादा जीवन जीना चाहिए।समाज में कुछ लोग ऐसे है जो गरीबों को इंसान नही नहीं समझते मगर अब हर आदमी आत्म निर्भर हो गया है। अब वह समय नहीं रहा कि किसी आदमी का प्रयोग करो और छोड़ दो।

**(वरिष्ठ पत्रकार,स्तंभकार)**

## ईमानदारी, सादगी, सौम्यता और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे डा. कलाम

***योगेश कुमार गोयल***

*देश के महान् वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद् डा. एपीजे अब्दुल कलाम सच्चे अर्थों में ऐसे महानायक थे, जिन्होंने अपना बचपन अभावों में बीतने के बाद भी अपना पूरा जीवन देश और मानवता की सेवा में व्यतीत कर दिया। छात्रों और युवा पीढ़ी को दिए गए उनके प्रेरक संदेश तथा उनके स्वयं के जीवन की कहानी देश की आने वाले कई पीढ़ियों को भी सदैव प्रेरित करने का कार्य करती रहेगी। न केवल भारत के लोग बल्कि पूरी दुनिया मिसाइलमैन डा. कलाम की सादगी, धर्मनिरपेक्षता, आदर्शों, शांत व्यक्तित्व और छात्रों व युवाओं के प्रति उनके लगाव की कायल थी। डा. कलाम देश को वर्ष 2020 तक आर्थिक शक्ति बनते देखना चाहते थे। पढ़ाई-लिखाई को तरक्की का साधन बताने वाले डा. कलाम का मानना था कि केवल शिक्षा के द्वारा ही हम अपने जीवन से निर्धनता, निरक्षरता और कुपोषण जैसी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उनके ऐसे ही महान विचारों ने देश-विदेश के करोड़ों लोगों को प्रेरित करने और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। उनका ज्ञान और व्यक्तित्व इतना विराट था कि उन्हें दुनियाभर के 40 विश्वविद्यालयों ने डॉक्ट्रेट की मानद उपाधि प्रदान की। तमिलनाडु के एक छोटे से गांव में एक मध्यमवर्गीय परिवार में 15 अक्तूबर 1931 को जन्मे डा. कलाम छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए अक्सर कहा करते थे कि छात्रों के जीवन का एक तय उद्देश्य होना चाहिए और इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि वे हरसंभव स्रोतों से ज्ञान प्राप्त करें। छात्रों की तरक्की के लिए उनके द्वारा जीवनपर्यन्त किए गए महान् कार्यों को देखते हुए ही सन् 2010 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा उनका 79वां जन्म दिवस 'विश्व विद्यार्थी दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से डा. कलाम के जन्मदिवस 15 अक्तूबर को ही प्रतिवर्ष 'विश्व विद्यार्थी दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। समय-समय पर युवाओं को दिए गए उनके प्रेरक संदेशों की बात करें तो वे कहा करते थे कि यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते हो तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो। वे कहते थे कि यदि आप फेल होते हैं तो निराश मत होइए क्योंकि फेल होने का अर्थ है 'फर्स्ट अटैंप्ट इन लर्निंग' और यदि आपमें सफल होने का मजबूत संकलप है तो असफलता आप पर हावी नहीं हो सकती। इसलिए सफलता और परिश्रम का मार्ग अपनाओ, जो सफलता का एकमात्र रास्ता है। डा. कलाम कहते थे कि आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते लेकिन अपनी आदतें बदल सकते हैं और निश्चित रूप से आपकी आदतें आपका भविष्य बदल देंगी। वे हमेशा कहा करते थे कि महान सपने देखने वाले महान लोगों के सपने हमेशा पूरे होते हैं। उनका कहना था कि इंसान को कठिनाइयों की आवश्यकता होती है क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए कठिनाईयां बहुत जरूरी हैं। सपने देखना जरूरी है लेकिन केवल सपने देखकर ही उसे हासिल नहीं किया जा सकता बल्कि सबसे जरूरी है कि जिंदगी में स्वयं के लिए कोई लक्ष्य तय करें। कलाम साहब कहते थे कि इस देश के सबसे तेज दिमाग स्कूलों की आखिरी बेंचों पर मिलते हैं। हम सबके पास एक जैसी प्रतिभा नहीं है लेकिन अपनी प्रतिभाओं को विकसित करने के अवसर सभी के पास समान हैं। सादगी की प्रतिमूर्ति डा. कलाम का व्यक्तित्व कितना विराट था, इसे परिभाषित करते कई किस्से भी सुनने को मिलते हैं। ऐसी ही एक घटना उन दिनों की है, जब डीआरडीओ में 'अग्नि' मिसाइल पर काम चल रहा था और काम के दबाव के चलते उस प्रोजेक्ट से जुड़े हर व्यक्ति को अपने परिवार के साथ बिताने के लिए भी पर्याप्त समय नहीं मिलता था। उसी दौरान इसी प्रोजेक्ट से जुड़े डीआरडीओ में कार्यरत डा. कलाम के एक जूनियर वैज्ञानिक ने अपने बच्चों को एक प्रदर्शनी दिखाने ले जाने के लिए उनसे जल्दी घर जाने के लिए छुट्टी मांगी। डा. कलाम ने उसे इसकी अनुमति दे दी लेकिन उस दिन कार्य इतना ज्यादा था कि वह जूनियर वैज्ञानिक अपने काम में इस कदर लीन हो गया कि उसे समय का पता ही न चला। दूसरी ओर कलाम साहब ने उसकी व्यस्तता को देखते हुए अपने प्रबंधक को बच्चों को प्रदर्शनी दिखाने के लिए भेज दिया।*

# खास बात

## दोस्ती में कर रहे ट्रंप की सराहा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की है। इजराइल और हमास के बीच समझौता कराकर शांति के लिए ईमानदारी वाले प्रयास और बंधकों की रिहाई का पीएम मोदी ने स्वागत किया है। गाजा पट्टी में इजराइल के सभी 20 बंधकों की रिहाई का भी पीएम मोदी ने स्वागत किया और कहा कि भारत क्षेत्र में शांति लाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करता है। पीएम मोदी की यह सराहना राष्ट्रपति ट्रंप और कई अन्य वैश्विक नेताओं द्वारा मिस्र के लाल सागर रिसॉर्ट शहर शर्म अल-शेख में शांति सम्मेलन में भाग लेने से कुछ घंटे पहले की गई थी, जिसे लेकर विश्लेषकों ने कहा पीएम मोदी तो सच में दोस्ती निभाते हुए ट्रंप की सराहना किए जा रहे, लेकिन क्या ट्रंप दोस्ती की लाज रख रहे हैं?

## हरियाणा में मौत पर मौत आखिर क्यों?

हरियाणा से खबर आई कि रोहतक में साइबर सेल में तैनात एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से पुलिस को तीन पन्नों का सुसाइड नोट और एक वीडियो संदेश मिला है। मृतक एएसआई ने अपने सुसाइड नोट में दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एएसआई ने सुसाइड नोट में लिखा है कि आईपीएस पूरन कुमार भ्रष्टाचार में लिप्त थे और जातिवाद का सहारा लेकर सिस्टम को हाईजैक कर रहे थे। गौरतलब है कि आईपीएस पूरन कुमार ने सुसाइड करके सारे सिस्टम को ही कटघरे में खड़ा कर दिया था अब एक एएसआई ने खुदकुशी करके सवालों पर सवाल खड़े करने जैसा काम कर दिया है।

## मेडागास्कर में जेन-ज़ी ने किया तख्तापलट

बांग्लादेश और नेपाल के बाद मेडागास्कर में भी विद्रोह की आग फैल गई। यहां जेन-ज़ी आक्रोश इतना ज्यादा बढ़ गया कि राष्ट्रपति आंद्रे राजोएलिना को देश छोड़कर भागना पड़ा। इससे पहले यहां युवाओं ने आंदोलन किया और उनका आक्रोश बढ़ा जो थमने का नाम नहीं ले रहा था। इससे महज एक दिन पहले रविवार को राष्ट्रपति राजोएलिना ने दावा किया था कि सेना की मदद से देश में तख्तापलट की कोशिशें हो रही हैं। जेन-ज़ी के ताजा विद्रोह और सत्ता में शीर्ष पद पर बैठे अधिकारी द्वारा पद छोड़ने का यह नवीनतम उदाहरण बताता है कि यह यहीं रुकने वाला नहीं है, अब आगे कौन होगा इसका निशाना यह देखने वाली बात है।

## डब्ल्यूएचओ ने कहा जहरीला सिरप दिखे तो सूचना दें

देश के कई राज्यों में जहरीले कफ सिरप से कथित तौर पर करीब दो दर्जन बच्चों की मौत के बाद मामला अब अंतर्राष्ट्रीय हो गया है। इसे लेकर डब्ल्यूएचओं ने भी चिंता जाहिर की है। इस पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने 3 कफ सिरप को लेकर चेतावनी दी है। इसमें जहरीला कोल्ड्रिफ सिरप भी शामिल है, जिसकी वजह से मध्य प्रदेश के छिंदबाड़ा में बच्चों की मौतें हुई हैं। डब्ल्यूएचओ ने सभी अथॉरिटीज से कहा है कि देश में अगर कहीं भी ये सिरप दिखाई दें तो तत्काल हेल्थ एजेंसी को रिपोर्ट करें। ग्लोबल हेल्थ एजेंसी ने श्रीसन फार्मा की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मा की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रिलाइफ सिरप के कुछ विशेष बैचों की पहचान की है, जिनमें मिलावट पाई गई है। इस कांड ने दवा कंपनियों समेत चिकित्सकों की अच्छी खासी फजीहत करवा दी है।

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, दसवी, गुरुवार, अश्लेषा नक्षत्रे, सिद्ध योगे, गर करणे, कर्क की चंद्रमा, भद्रा 18/16 धान्य छेदन व्यापार मुहूर्त समा.4/38 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल: आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, जिद्दी-हठी, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, राजनेता, राज्य व्यापारी तथा योगी-भोगी होगा।

**मेष राशि**- धन लाभ होगा, योजनायें फलीभूत होंगी, कार्य कुशलता से पूर्ण संतोष होगा, कार्य धैर्य से करें।

**वृष राशि**- मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, समय स्थिति का ध्यान अवश्य रखें।

**मिथुन राशि**- मनोबल उत्सावर्धक रहेगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा, कार्य पर ध्यान दें।

**कर्क राशि**- कार्य क्षमता में वृद्धि से संतोष होगा, कार्य कुशलता से सफलता मिलेगी, मनोबल उत्सावर्धक होगा।

**सिंह राशि**- धन लाभ होगा, आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा, कार्य कुशलता पर ध्यान देंगे, परिश्रम से लाभ होगा।

**कन्या राशि**- इष्ट मित्रों से मान-प्रतिष्ठा व प्रभुत्व वृद्धि होगी, सोचे कार्य समय पर पूर्ण होंगे, आलस्य से हानि होगी।

**तुला राशि**- कुटुम्ब की समस्याओं में धन व्यय होगा, भ्रमणशील स्थिति रहेगी, कार्यगति पर ध्यान देने से कार्य बनेंगे।

**वृश्चिक राशि**- आर्थिक योजना पूर्ण होगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, कार्य बनेंगे।

**धनु राशि**- परिश्रम से धन लाभ होगा, अधिकारियों से मेल-मिलाप होगा जिससे कार्य बनेंगे, कार्य कुशलता से हर्ष होगा।

**मकर राशि**- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, स्थिति पर नियंत्रण अवश्य ही रखें, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा, धैर्य अवश्य रखें।

**कुंभ राशि**- विशेष कार्य स्थगित रखें, मानसिक विविधता बनेगी, कार्य अवरोध से मन अशांत रहेगा, सावधानी अवश्य रखें।

**मीन राशि**- प्रयास से सफलता मिलेगी, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, दैनिक कार्यगति में सुधार होगा, उत्तम सफलता मिलेगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

# दैनिक पंचांग

**16 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.07 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृश्चिक | 08.21 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.37 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.43 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.29 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.02 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.32 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.11 बजे से |
| | | कर्क | 23.24 बजे से |
| | | सिंह | 01.40 बजे से |
| | | कन्या | 03.52 बजे से |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 289 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 10.36 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 12.42 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 02.11 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** विष्टि 10.36 बजे तदनन्तर बव 22.50 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 54'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872499
**जूलियन दिन** 2460964.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रबी उस्सानी
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# दीपावली की सुबह करें खास विधि से पूजन

दिवाली पर मान्यता है कि मां लक्ष्मी धरती पर आती हैं। इस मौके पर आप कुछ खास विधि से पूजन करेंगे तो मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर धन संपदा देगी। सुबह उठते ही मां लक्ष्मी को नमन कर सफेद वस्त्र धारण करें और मां लक्ष्मी के श्री स्वरूप व चित्र के सामने खड़े होकर श्री सूक्त का पाठ करें एवं कमल फूल चढ़ाएं। लक्ष्मी पूजन कर 11 कौड़ियां चढ़ाएं। अगले दिन कौड़ियों को लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखें इससे धन वृद्धि होती है। लक्ष्मी का पूजन कर उन्हें मालपूए या गुलाबजामुन का भोग लगाकर उसे गरीबों में बांटने से चढ़ा हुआ कर्जा उतर जाता है। साफ-स्वच्छ कपड़े पहनना और उन्हें करीने से संभाल कर रखने से घर में सकारात्मकता का संचार होता है और देवी लक्ष्मी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। घर में साफ-सफाई और रोशनी का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इससे लक्ष्मी आकर्षित होती हैं। इसके विपरित जाले, गंदगी और धूल-मिट्टी फैली हो तो धन की कमी होती है।

हल्दी और चावल पीसकर उसके घोल से घर के मुख्य द्वार पर 'श्रीं' लिखने से लक्ष्मी प्रसन्न होकर धन देती हैं।

गाय के दूध से श्रीयंत्र का अभिषेक करने के बाद, अभिषेक का जल पूरे घर में छिड़क दें और घर में जहां आपका धन पड़ा हो वहां श्रीयंत्र को कमलगट्टे के साथ धन स्थान पर रख दें। इससे धन लाभ होने लगेगा। शंख में वास्तुदोष दूर करने की अद्भुत क्षमता होती है। जहां नियमित शंख का घोष होता है और सुबह और शाम दोनों समय होता है, वहां के आसपास की हवा भी शुद्ध और सकारात्मक हो जाती







है और घर की कलह खत्म होती है। मानसिक शांति प्राप्त होती है। जो लोग अपने जीवन व वास्तु में बदलाव चाहते हैं तो रोजाना सुबह-शाम शंख का घोष अवश्य ही करें।

### भगवान गणेश का करें पूजन

मां लक्ष्मी ने गौरीपुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वर देते हुए यह आशीर्वाद दिया था कि उनकी उपासना से मनुष्य पर लक्ष्मी कृपा भी हमेशा बनी रहेगी। ऐसे में दिवाली पूजन में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा पूरे विधि-विधान से की जाती है। मां का आशीर्वाद सदैव बनाएं रखने के लिए आप भगवान गणेश का पूजन उनको प्रिय मंत्रों से करें।

### भगवान गणेश की विधिवत पूजा के मंत्र हैं।

श्री गणेश बीज मंत्र
गं गणपतये नमः॥

### भगवान गणपति की पूजा के दौरान इस मंत्र को पढ़ते हुए उन्हें सिंदूर अर्पण करना चाहिए।

सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्।
शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्॥
इस मंत्र का जाप करते हुए गौरीपुत्र गणेश को अक्षत(चावल) चढ़ाएं।

# मां लक्ष्मी की कृपा पाने से ही हमें मिलते हैं सभी सुख और वैभव



धन की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने से ही हमें सभी सुख और वैभव मिलते हैं। दिपावली के दिन मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने का सबसे बेहतर योग होता है। इस समय किये गये इन उपायों से आप मां लक्ष्मी को खुश कर सकते हैं। इससे आप जीवन में धन समृद्धि के साथ ही सभी सुख पा सकते हैं।

.दीपावली पांच दिन का पर्व होता है तो इन पांचों दिन कम से कम एक दीप जरूर जलांए। इसके साथ ही लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने के लिए पहले एक मुठ्ठी चावल रखें फिर उसके उपर दीपक रखें इससे आप पर मां लक्ष्मी की कृपा होगी।

दीपावली के दिन सुबह पूजा के समय पीतल या तांबे के लोटे में शुद्ध जल भर कर,उस मेंथोड़ी हल्दी डाल कर पूजा में रखें। पूजा के बाद इस जल को पूरे घर में झिड़क दें। इस तरह मां लक्ष्मी की कृपा आप पर सदैव बनी रहेंगी।दीपावली की रात को पूजा करने के बाद सभी कमरों में शंख बजाना चाहिए इस से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

दीपीवली के दिन आप अपनी पत्नी अथवा मां को लाल वस्त्र उपहार में दें मां और पत्नी को पूरा सम्मान दें क्योंकि मां लक्ष्मी भी वहीं कृपा बरसाती हैं जहां घर की लक्ष्मी का सम्मान होता है।दीपावली की रात को कपूर जला कर उसमें शुद्ध रोली डाल दें। फिर उस राख की पुडिया बना कर किसी लाल रूमाल में बांध रख लें. इससे प्रक्रिया को करने से व्यापार में समृद्धि होती है।

### भगवान गणेश का करें पूजन

मां लक्ष्मी ने गौरीपुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वर देते हुए यह आशीर्वाद दिया था कि उनकी उपासना से मनुष्य पर लक्ष्मी कृपा भी हमेशा बनी रहेगी। ऐसे में दिवाली पूजन में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा पूरे विधि-विधान से की जाती है। मां का आशीर्वाद सदैव बनाएं रखने के लिए आप भगवान गणेश का पूजन उनको प्रिय मंत्रों से करें।
भगवान गणेश की विधिवत पूजा के मंत्र हैं।
श्री गणेश बीज मंत्र
गं गणपतये नमः॥
भगवान गणपति की पूजा के दौरान इस मंत्र को पढ़ते हुए उन्हें सिंदूर अर्पण करना चाहिए।
सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम।
शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम॥
इस मंत्र का जाप करते हुए गौरीपुत्र गणेश को अक्षत(चावल) चढ़ाएं।
अक्षताश्च सुरश्रेष्ठं कुम्कुमाक्तः सुशोभितः।
माया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वरः॥
इस मंत्र का जाप करते हुए श्री गणेश को दूर्वा चढ़ाएं
त्वं दूर्वेस्मृतजन्मानि वन्दितासि सुरैरपि।
सौभाग्यं संततिं देहि सर्वकार्यकरो भव॥
गणपति पूजा में इस मंत्र से भगवान गणेश को यज्ञोपवीत समर्पण करना चाहिए
नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।
उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर॥
पुष्प समर्पित करने के लिए यह गणेश मंत्र
पुष्पैर्नानाविधेर्दिव्यैः कुमुदैरथ चम्पकै।
पूजार्थ नीयते तुभ्यं पुष्पाणि प्रतिगृह्यतां॥
गणेश जी को भोग लगाते समय इस मंत्र का जाप करें
यह गणेश वंदना मंत्र है
वन्दहुं विनायक, विधि-विधायक, ऋद्धि-सिद्धि प्रदायकम।
गजकर्ण, लम्बोदर, गजानन, वक्रतुण्ड, सुनायकम॥
श्री एकदन्त, विकट, उमासुत, भालचन्द्र भजामिहम।
विघ्नेश, सुख-लाभेश, गणपति, श्री गणेश नमामिहम॥
गणेश पूजा के बाद इस मंत्र से भगवान को प्रणाम करना चाहिए
विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय, लंबोदराय सकलाय जगध्दिताय।
नागाननाय श्रुतियग्यविभुसिताय,
गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते॥
किसी भी कार्य के शुरू में गणेश जी को इस मंत्र से प्रसन्न करना चाहिए।

## लक्ष्मी पूजा की विधि सफाई और सजावट



पूजा से पहले पूरे घर को अच्छी तरह से साफ करें। पूजा स्थल को गंगाजल छिड़ककर पवित्र करें और फूलों, दीयों और रंगोली से सजाएँ।चौकी की स्थापना एक लाल या पीला वस्त्र बिछाकर उस पर लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें।कलश स्थापना- चावल के ढेर पर जल से भरा एक कलश रखें। कलश में सुपारी, हल्दी, सिक्का, अक्षत और फूल डालें।पूजा सामग्री- पूजा की थाली में फल, फूल, धूप, दीप, हल्दी, रोली, कुमकुम, अक्षत, बताशे, मिठाई और सोलह श्रृंगार की सामग्री रखें।गणेश पूजा- सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करें, उन्हें तिलक लगाएं और दूर्वा व मोदक अर्पित करें।लक्ष्मी पूजा- इसके बाद माता लक्ष्मी को स्नान कराएं, वस्त्र और आभूषण पहनाएं। उन्हें तिलक लगाकर कमल का फूल और अन्य सामग्री अर्पित करें।मंत्र जप और आरती पूजा के दौरान लक्ष्मी मंत्र (झ्र(झ्र)) का जाप करें। पूजा के अंत में लक्ष्मी चालीसा का पाठ और आरती करें। लक्ष्मी पूजा का महत्व समृद्धि और धन- लक्ष्मी पूजा का मुख्य उद्देश्य धन और समृद्धि की देवी को प्रसन्न करना है, ताकि घर में सुख-शांति और वैभव आए।बुद्धि का साथ- दीपावली पर गणेश और लक्ष्मी की एक साथ पूजा की जाती है, क्योंकि धन के साथ बुद्धि का होना भी आवश्यक है, ताकि धन का सही उपयोग हो सके।अंधकार पर प्रकाश की जीत- दीपावली की रात अमावस्या की काली रात होती है। इस रात में दीप जलाकर मां लक्ष्मी का स्वागत किया जाता है, जो अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। लक्ष्मी पूजा से जुड़ी कथा एक पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थीं।एक अन्य कथा के अनुसार, राजा बलि ने धनतेरस से दीपावली तक लक्ष्मी की पूजा का वरदान मांगा था। वहीं एक और कथा के अनुसार, जब भगवान विष्णु वैकुंठ लौटे तो उनका स्वागत दीप जलाकर किया गया, तभी से दीपावली मनाई जाती है। पूजा के समय ध्यान रखने योग्य बातें स्वच्छता: पूजा का स्थान और पूरा घर साफ-सुथरा होना चाहिए। सकारात्मकता- मन में सकारात्मक विचार रखें और झूठ बोलने से बचें।सही दिशा- लक्ष्मी पूजा हमेशा प्रदोष काल या निशिता काल में की जानी चाहिए, क्योंकि यह सबसे शुभ समय माना जाता है। क्या आप किसी विशेष त्योहार के लिए लक्ष्मी पूजा की विधि जानना चाहेंगे?

# दिवाली का ज्योतिषीय महत्व



हर साल की तरह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानि आज दिवाली का त्योहार देश भर में धूम धाम से मनाया जा रहा है। दिवाली पर लोग घर या दुकानों की साफ-सफाई करते हैं। मान्यता है कि मां लक्ष्मी को साफ-सफाई प्रिय है और मां लक्ष्मी का वास साफ-सफाई वाली जगहों पर ही होता है। दिवाली पर लक्ष्मी पूजा का विशेष विधान है। इस दिन संध्या और रात्रि के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, विघ्नहर्ता भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा और आराधना की जाती है। पुराणों के अनुसार कार्तिक अमावस्या की अंधेरी रात में महालक्ष्मी स्वयं भूलोक पर आती हैं और हर घर में विचरण करती हैं। इस दौरान जो घर हर प्रकार से स्वच्छ और प्रकाशवान हो, वहां वे अंश रूप में ठहर जाती हैं इसलिए दिवाली पर साफ-सफाई करके विधि विधान से पूजन करने से माता महालक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। लक्ष्मी पूजा के साथ-साथ कुबेर पूजा भी की जाती है।

आइए जानते हैं पूजन के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए-

दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन से पहले घर की साफ-सफाई करें और पूरे घर में वातावरण की शुद्धि और पवित्रता के लिए गंगाजल का छिड़काव करें। साथ ही घर के द्वार पर रंगोली और दीयों की एक शृंखला बनाएं।

पूजा स्थल पर एक चौकी रखें और लाल कपड़ा बिछाकर उस पर लक्ष्मी जी और गणेश जी की मूर्ति रखें या दीवार पर लक्ष्मी जी का चित्र लगाएं। चौकी के पास जल से भरा एक कलश रखें।

माता लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्ति पर तिलक लगाएं और दीपक जलाकर जल, मौली, चावल, फल, गुड़, हल्दी, अबीर-गुलाल आदि अर्पित करें और माता महालक्ष्मी की स्तुति करें।

इसके साथ देवी सरस्वती, मां काली, भगवान विष्णु और कुबेर देव की भी विधि विधान से पूजा करें। महालक्ष्मी पूजन पूरे परिवार को एकत्रित होकर करना चाहिए।

महालक्ष्मी पूजन के बाद तिजोरी, बहीखाते और व्यापारिक उपकरण की पूजा करें। पूजन के बाद श्रद्धा अनुसार ज़रुरतमंद लोगों को मिठाई और दक्षिणा दें।

### दिवाली पर करें इन नियमों का पालन

कार्तिक अमावस्या यानि दीपावली के दिन प्रात्काल शरीर पर तेल की मालिश के बाद स्नान करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से धन की हानि नहीं होती है।

दिवाली के दिन वृद्धजन और बच्चों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को भोजन नहीं करना चाहिए। शाम को महालक्ष्मी पूजन के बाद ही भोजन ग्रहण करें।

दीपावली पर पूर्वजों का पूजन करें और धूप व भोग अर्पित करें। प्रदोष काल के समय हाथ में उल्का धारण कर पितरों को मार्ग दिखाएं। यहां उल्का से तात्पर्य है कि दीपक जलाकर या अन्य माध्यम से अग्नि की रोशनी में पितरों को मार्ग दिखाएं। ऐसा करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। दिवाली से पहले मध्य रात्रि को स्त्री-पुरुषों को गीत, भजन और घर में उत्सव मनाना चाहिए। कहा जाता है कि ऐसा करने से घर में व्याप्त दरिद्रता दूर होती है। दीपावली में पांच दिन स्त्री प्रंसग न करें ऐसा करने से घर में दरिद्रता का वास होता है।

### दिवाली का ज्योतिषीय महत्व

हिंदू धर्म में हर त्यौहार का ज्योतिष महत्व होता है। माना जाता है कि विभिन्न पर्व और त्यौहारों पर ग्रहों की दिशा और विशेष योग मानव समुदाय के लिए शुभ फलदायी होते हैं। हिंदू समाज में दिवाली का समय किसी भी कार्य के शुभारंभ और किसी वस्तु की खरीदी के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस विचार के पीछे ज्योतिष महत्व है। दरअसल दीपावली के आसपास सूर्य और चंद्रमा तुला राशि में स्वाति नक्षत्र में स्थित होते हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार सूर्य और चंद्रमा की यह स्थिति शुभ और उत्तम फल देने वाली होती है। तुला एक संतुलित भाव रखने वाली राशि है। यह राशि न्याय और अपक्षपात का प्रतिनिधित्व करती है। तुला राशि के स्वामी शुक्र जो कि स्वयं सौहार्द, भाईचारे, आपसी सद्भाव और सम्मान के कारक हैं। इन गुणों की वजह से सूर्य और चंद्रमा दोनों का तुला राशि में स्थित होना एक सुखद व शुभ संयोग होता है।

दीपावली का आध्यात्मिक और सामाजिक दोनों रूप से विशेष महत्व है। हिंदू दर्शन शास्त्र में दिवाली को आध्यात्मिक अंधकार पर आंतरिक प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई का उत्सव कहा गया है।

# प्रकाश फैलाएं घर में आयेगी लक्ष्मी



**हिंदु धर्म के सबसे बड़े त्योहार दीपावली की तैयार शुरु हो गयी है। दिवाली के लिए यदि घर को तैयार कर रहे हैं तो हर कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करें। कुछ आसान तरीकों से आप उस कमरे को भी जगमग कर सकते हैं जहां कम रौशनी होती है। इससे घर में लक्ष्मी भी आती है। जिस कमरे में ज्यादा अंधेरा रहता है, जहां तक संभव हो सके, अंधेरे कमरे की दीवारों पर हल्के रंग का पेंट करवाएं। लाइट शेड वाले परदे, बेडशीट का इस्तेमाल करें चमक को और बढ़ाने के लिए कमरे में परदे, बेडशीट और कुशन आदि के कलर्स भी लाइट शेड के रखें।**

### मिरर फर्नीचर से अंधेरे कमरे में फैलेगी रोशनी

ऐसे कमरे के लिए मिरर फर्नीचर का इस्तेमाल करना चाहिए। इसका फायदा यह होगा कि इस पर जहां से भी लाइट आएगी, यह और भी अधिक चमकने लगता है और कमरे में रोशनी बढ़ती है।

### रिफ्लेक्टिंग फ्लोरिंग है अच्छा विकल्प

अंधेरे वाले कमरे में रिफ्लेक्टिंग फ्लोरिंग भी अच्छा विकल्प है, जिससे कमरे में चमक बढ़ सकती है। इसमें आजकल एलईडी का भी इस्तेमाल होता है।

### कमरें में लाइट्स का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके बावजूद भी अगर कमरे में प्रकाश नहीं आता तो आप क्रत्रिम रोशनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। कमरे में हैंगिंग लाइट्स का प्रयोग भी अंधेरे को दूर कर सकता है। इसके अलावा दीवारों पर लैम्प्स भी लगवाए जा सकते हैं। यदि संभव हो तो कमरे की सीलिंग में लाइटिंग की व्यवस्था कर सकते हैं। आजकल लाइटिंग वाला सीलिंग फैन भी काफी चलन में है।बहरहाल यह जान लें कि आपका घर जितना चमकेगा उतनी ही लक्ष्मी आपके घर आयेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने पाक को 3-3 से बराबरी पर रोका

**क्वालालंपुर।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद भी शानदार वापसी करते हुए सुल्तान जोहर कप 2025 के ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया है। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने काफी जुनून से खेला। इस मैच में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही हावी होने का प्रयास किया और इसी कारण उसे तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर मिल गया पर टीम उसे गोल में नहीं बदल पायी। इसके बाद पाकिस्तान ने भी हमला बोला। पांचवें मिनट में पाक को पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया जिसपर उसे कप्तान हनन शाहिद ने गोल दाग कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

### अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 200 रनों से हराया

**अबू धाबी।** तेज गेंदबाज बिलाल सामी की अच्छी गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां खेले गए तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भी बांग्लादेश को 200 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही बांग्लादेश की टीम ने 3-0 से सीरीज जीत ली है। बिलाल ने इस मैच में 5 विकेट लेकर बांग्लादेशी की टीम को 93 रनों पर ही समेट दिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम ने 9 विकेट पर 293 रन बनाये। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने इब्राहिम जद्रान के साथ पारी शुरु की। जद्रान ने तेजी से 95 रन बनाये। वहीं मोहम्मद नबी ने भी 37 गेंदों पर 62 रनों की आक्रामक पारी खेली। 294 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

### हर्षित जैसे युवा खिलाड़ी को निशाना बनाना गलत: गौतम

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा के चयन पर सवाल उठाने के लिए पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत की आलोचना की है। गंभीर के अनुसार जिस प्रकार से श्रीकांत ने एक युवा खिलाड़ी की निंदा की है वह सही नहीं है। श्रीकांत ने कहा था कि राणा केवल गंभीर की वजह से राष्ट्रीय टीम में हैं। उन्होंने कहा कि राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एकदिवीसय टीम में इसलिए जगह मिली है क्योंकि वह गंभीर की हर बात मानते हैं। इसके अलावा उनकी कोई योग्यता नहीं है। गंभीर ने कहा, 'यह बेहद निराशाजनक बात है कि कोई व्यक्ति अपना चैनल चलाने के लिए किसी युवा खिलाड़ी को निशाना बना रहा है।

### बॉलर्स में कुलदीप 21 से 14वें नंबर पर आए, वनडे में रोहित-कोहली को नुकसान

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग, यशस्वी टॉप-5 में लौटे, पंत नंबर-8 पर

**दुबई ■ एजेंसी**



भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल, गेंदबाज कुलदीप यादव को आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है, जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली को नुकसान झेलना पड़ा है।

आईसीसी ने बुधवार को रैंकिंग जारी की। 23 साल के यशस्वी जायसवाल दुनिया के पांचवें नंबर के टेस्ट बैटर बन गए हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ। जायसवाल के पास 791 रेटिंग पॉइंट्स हैं।

कुलदीप यादव 7 स्थान की छलांग के साथ टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में 14वें स्थान पर आ गए हैं। उनके पास 689 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वनडे बैटर्स की रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। इस लिस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल नंबर-1 पर बने हुए हैं।

जायसवाल ने बावुमा और मेंडिस पीछे छोड़ा टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में भारतीय ओपनर जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा और श्रीलंकाई बैटर कुसल मेंडिस को पीछे छोड़ा है। टॉप-10 की लिस्ट में ऋषभ पंत (753 अंक) दूसरे भारतीय हैं। वे आठवें पायदान पर हैं। इंग्लिश बैटर जो रूट 908 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं।

रोहित-विराट को एक-एक स्थान का नुकसान वनडे बैटर्स में अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764 अंक) ने 8 स्थान की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर आ गए। इससे रोहित शर्मा (756 अंक) तीसरे, पाकिस्तान के बाबर आजम (739 अंक) चौथे और विराट कोहली (736 अंक) 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। टी-20 बैटर्स की रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है।

राशिद खान वनडे के नंबर-1 गेंदबाज बने गेंदबाजों की रैंकिंग में टेस्ट के टॉप-10 बॉलर्स की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वनडे रैंकिंग में राशिद खान 710 अंक लेकर दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। इससे साउथ अफ्रीका के केशव महाराज (680 अंक), श्रीलंका के महीश तीक्षणा (659 अंक), इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर (654 अंक) और भारत के कुलदीप यादव (650 अंक) को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। टी-20 बॉलर्स के टॉप-10 में चेंज नहीं हुआ।

ओमरजई वनडे के टॉप ऑलराउंडर बने अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई वनडे के नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ओमरजई के 334 रेटिंग पॉइंट हैं। राशिद खान (257 अंक) भी दो पायदान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (302 अंक) दूसरे और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी (285 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। टीम रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं, भारत वनडे और टी-20 में नंबर-1 आईसीसी की टीम रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया 124 अंक के साथ टेस्ट की नंबर-1 टीम है। भारत वनडे (124 अंक) और टी-20 (272 अंक) के टॉप पर कायम है। टेस्ट में भारतीय टीम चौथे स्थान पर कायम है। उसके इंग्लैंड से 4 अंक कम है। भारत के 108 और इंग्लैंड के 112 रेटिंग पॉइंट हैं।



शंघाई में महिला विश्व टूर साइकिल मुकाबलों में भाग लेती हुई प्रतियोगी।

### कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश, 2010 में भारत को पहली बार मेजबानी मिली थी

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 अहमदाबाद में होंगे

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए नॉमिनेट किया है। 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली राष्ट्रमंडल खेल की बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। भारत को मेजबानी के लिए नाइजीरिया के अबुजा शहर से चुनौती मिल रही थी। लेकिन कॉमनवेल्थ एग्जीक्यूटिव बोर्ड नाइजीरिया को 2034 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए सहयोग देगी।

कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स ने अपने प्रेस रिलीज में कहा, राष्ट्रमंडल खेलों की कार्यकारी बोर्ड ने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद, भारत को मेजबान शहर के रूप में सिफारिश करने का फैसला लिया है।

भारत ने अब तक एक बार 2010 में नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है।

2030 में सभी गेम्स शामिल होंगे- IOA इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (IOA) ने कहा, ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ से हटाए गए सभी गेम्स 2030 में शामिल होंगे। इसमें शूटिंग, रेसलिंग, बैडमिंटन, हॉकी, आर्चरी, कबड्डी और खो-खो शामिल किए जाएंगे।



भारत के लिए गर्व का दिन- अमित शाह गृह मंत्री अमित शाह ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पर लिखा, भारत के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का दिन है। कॉमनवेल्थ एसोसिएशन द्वारा अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार भारत को देने पर देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई। 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की 100वीं एनिवर्सरी कॉमनवेल्थ गेम्स हर चार साल में होता है। पहला कॉमनवेल्थ गेम्स 1930 में हैमिल्टन, कनाडा में आयोजित किया गया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 5 बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है। 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की 100वीं एनिवर्सरी भी होगी।

29 अगस्त को भारत ने बोली लगाई थी भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए इसी साल 29 अगस्त को लंदन में बोली लगाई थी। उस समय गुजरात सरकार के खेल मंत्री हर्ष सांघवी ने इस प्रस्ताव को कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के सामने पेश किया था।

उन्होंने कहा था, अहमदाबाद कॉम्पैक्ट सिटी मॉडल पर गेम्स मेजबानी करेगा, यानी खेल स्थलों, ट्रेनिंग सुविधाओं और खिलाड़ियों की रहने की व्यवस्था सब एक-दूसरे के नजदीक होगी। इससे खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। बोली लगाने के दो दिन से पहले 27 अगस्त को केंद्रीय कैबिनेट ने कॉमनवेल्थ बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दी थी।

पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी CWG के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।

### भुवनेश्वर में हॉन्ग कॉन्ग और जापान का 3-0 से किया सूपड़ा साफ

# 28वीं एशियाई टेबल टेनिस में चीन ने दोनों वर्गों में टीम चैम्पियनशिप जीती

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** 28वें एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में एक बार फिर चीन ने अपनी अजेय श्रेष्ठता साबित करते हुए, पुरुष और महिला दोनों वर्गों के टीम चैम्पियनशिप खिताब पर कब्ज़ा कर दोहरी सफलता अर्जित की। चीन ने अपनी अतुलनीय गहराई और युवा प्रतिभा के दम पर दोनों फाइनल्स में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

पुरुष टीम फाइनल- चीन ने हॉन्ग कॉन्ग (चाइना) को 3-0 से करारी शिकस्त दी। विश्व नंबर 1 लिन शिडोंग (11-8, 11-4, 11-4) ने शानदार शुरुआत की। इसके बाद, नंबर 2 वांग चुकिन ने चैन बाल्डविन को कड़े मुकाबले में 12-10, 11-9, 5-11, 14-12 से हराया। नंबर 7 लियांग जिंगकुन (13-11, 11-6, 12-10) ने जीत सुनिश्चित की।



महिला टीम फाइनल: चीन की टीम ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी जापान को भी 3-0 से हराया। विश्व नंबर 2 वांग मन्यू ने पहला गेम गंवाने के बावजूद वापसी करते हुए 10-12, 11-3, 11-6, 11-3 से जीत दर्ज की। विश्व नंबर 1 सुन यिंग्शा ने मिवा हारिमोटो को 11-9, 11-5, 11-7 से सीधे गेमों में हराया। अंतिम मुकाबले में, उभरती हुई स्टार कुई मैन ने हिना हयाता को 8-11, 12-10, 11-6, 11-9 से हराकर टीम को चैम्पियनशिप का गौरव दिलाया। यह जीत चीन की वैश्विक श्रेष्ठता को रेखांकित करती है।

भारत की पुरुष टीम छठे, महिला टीम आठवें स्थान पर रही: 28वीं एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय टीमों ने भी कड़ा संघर्ष करते हुए टूर्नामेंट का समापन किया। स्थान निर्धारण के मुकाबलों के बाद भारतीय पुरुष टीम ने छठा स्थान प्राप्त किया, जबकि भारतीय महिला टीम आठवें स्थान पर रही।

पुरुष टीम ने 5वें से 8वें स्थान के प्ले-ऑफ में डीपीआर कोरिया को एक रोमांचक मुकाबले में 3-2 से मात दी, लेकिन 5वें स्थान के लिए हुए प्ले-ऑफ में रिपब्लिक ऑफ कोरिया से 0-3 से हार गई। महिला टीम ने भी जोरदार संघर्ष किया और 7वें-8वें स्थान के मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग (चाइना) के खिलाफ 2-3 के बेहद करीबी स्कोर पर हार गई।

## व्यापार समाचार

### ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन ने स्तन कैंसर के मरीज़ों में तेज़ी से लाया सुधार

# स्पेशलाइज्ड ऑन्कोसर्जन ने रोबोटिक सर्जरी द्वारा आक्रामक तरीकों से किया ब्रेस्ट रिमूवल

**नवी मुंबई ■ एजेंसी**

अपोलो हॉस्पिटल्स ने स्तन कैंसर से पीड़ित मरीज़ पर किए गए सफल इलाज की घोषणा आज की। इस मरीज़ पर रोबोटिक सहायता से निप्पल-स्पेयरिंग मस्टेक्टॉमी की गयी और उसके बाद तुरंत ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन किया गया। 53 वर्षीय मरीज़ में इन्वेसिव ब्रेस्ट कार्सिनोमा का निदान किया गया था, इस इलाज से वे बिना किसी परेशानी के ठीक हो गईं और सर्जरी के अगले ही दिन उन्हें घर भेज दिया गया। इस प्रक्रिया में स्तन के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखते हुए, सिर्फ एक छोटा सा चीरा देकर स्तन में से ट्यूमर को निकाल कर, उसी ऑपरेशन में ब्रेस्ट का रिकंस्ट्रक्शन किया गया। कुछ हफ़्ते पहले इस महिला को दाहिने स्तन में एक गांठ महसूस हुई। जब वह अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई में आईं, तो प्रारंभिक मैमोग्राम और अल्ट्रासाउंड में एक संदिग्ध घाव का पता चला, और बायोप्सी से स्तन में इनवेसिव कार्सिनोमा की पुष्टि हुई। निदान का मतलब था कि सर्जरी करना आवश्यक था।

आम तौर पर की जाने वाली ओपन मस्टेक्टॉमी में बड़े निशान पड़ सकते हैं, इससे त्वचा के फ्लैप पर दबाव में बदलाव आ सकता है और रिकवरी में देरी हो सकती है। हमने इस मरीज़ को रोबोटिक सहायता से निप्पल-स्पेयरिंग मास्टेक्टॉमी की प्रक्रिया सुझाई। स्तन टिश्यू को हटाने के लिए एक रैडिकल मस्टेक्टॉमी की गई। सिर्फ एक छोटा चीरा देकर, रोबोटिक उपकरणों का उपयोग करके सावधानीपूर्वक स्तन के सभी टिश्यू को काटा और निकाला गया। इस मरीज़ ने जागने के बाद अपने स्तन के आकार को बरकरार रखा हुआ पाया, जिससे उनकी शारीरिक छवि, आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास बरकरार रहा। कम से कम आक्रामक तरीके से सर्जरी की जाने की वजह से निशान कम हुए, हाथ की गति बरक़रार रही, और मरीज़ को शारीरिक और भावनात्मक दोनों रूप से जल्दी सामान्य जीवन में लौटने में मदद मिली।



डॉ. नीता नायर, लीड कंसल्टेंट, ब्रेस्ट-रोबोटिक सर्जरी, अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने कहा, रोबोटिक सहायता प्राप्त निप्पल-स्पेयरिंग मस्टेक्टॉमी का लक्ष्य कैंसर को पूरी तरह से हटाना और छोटे निशान और तेज़ी से रिकवरी प्रदान करना है। रिकंस्ट्रक्शन महिलाओं को अच्छी शारीरिक छवि बनाए रखने और भावनात्मक रिकवरी में मदद करता है। इस मामले में, हम एक ही सर्जरी में पूरी बीमारी को हटाने, निप्पल और त्वचा को सुरक्षित रखने और स्तन का रिकंस्ट्रक्शन कर पाए।

### 10 महीने में दोगुने हुए चांदी के दाम

# 86 हजार से 1.75 लाख पर पहुंची, सोने से 37 प्रतिशत ज्यादा रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल चांदी के दाम दोगुने से ज्यादा बढ़कर 1.75 लाख प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। ये चांदी के दाम में इतिहास की सबसे बड़ी तेजी है। वहीं इसने सोने के मुकाबले 37 प्रतिशत ज्यादा रिटर्न दिया। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल है कि चांदी के दाम इतने क्यों बढ़ रहे हैं? क्या ये चांदी खरीदने का सही समय है? चांदी में निवेश के सेफ तरीके कौन-कौन से हैं?

भारत दुनिया में चांदी के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। दिवाली-धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। इससे चांदी की डिमांड बढ़ी है। चांदी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल सोलर फैक्ट्रियों में होता है। इसके अलावा एआई इंडस्ट्री और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में भी चांदी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

सप्लाई की कमी: चांदी की मांग तो बढ़ रही है, लेकिन इसकी सप्लाई में रुकावट आ रही है। कुछ देशों में पर्यावरण नियम या खदान बंद होने से प्लान्ड माइनिंग कम हो गई है। इसके अलावा लगभग 70 प्रतिशत चांदी, कॉपर और जिंक जैसी दूसरी धातुओं की खुदाई के दौरान बाय प्रोडक्ट के रूप में निकलती है। जब तक तांबे की खुदाई नहीं बढ़ती, चांदी की सप्लाई नहीं बढ़ सकती। इस डिमांड और सप्लाई के भारी अंतर के कारण चांदी की कमी बनी हुई है। जानकारों का कहना है



कि अमेरिकी शटडाउन, टैरिफ्स और फेड रेट कट्स से निवेशक चांदी खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा लंबी अवधि की तेजी जारी रह सकती है, लेकिन शार्ट टर्म रिस्क को देखते हुए नई खरीदारी से बचना चाहिए।

सोने के मुकाबले चांदी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी: जानकार बताते है कि चांदी ने पहले ही 100 प्रतिशत का गेन दिखा दिया है, इसलिए अभी आक्रामक खरीदारी सही नहीं है। लेकिन लंबी अवधि में, खासकर सोने के मुकाबले चांदी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी। 2024 के अंत में उन्होंने 2025 की पहली छमाही में निवेश के लिए चांदी को पहली पसंद बताया था। चांदी अभी गोल्ड से ज्यादा आकर्षक वैल्यू पर है। वे कहते हैं, चांदी का प्राइस हाइक इंडस्ट्रियल डिमांड से है। चीन में ब्याज दरें कम होने से फैक्ट्रियां तेजी से चल रही हैं। उनका मानना है कि उतार चढ़ाव के साथ यह तेजी जारी रहेगी। गिरावट पर खरीदारी करनी चाहिए।

### हुंडई इंडिया ने तरुण गर्ग को बनाया एमडी

**मुंबई।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने तरुण गर्ग को कंपनी का नया मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर नियुक्त किया है। गर्ग 1996 में कंपनी शुरू होने के बाद पहले भारतीय होंगे जो इसका नेतृत्व करेंगे। वे उन्सू किम की जगह लेंगे। कंपनी ने बुधवार को बीएसई फाइलिंग में बताया कि गर्ग 1 जनवरी 2026 से अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे, अभी कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर हैं। हालांकि, इस फैसले के लिए शेयरहोल्डर्स की मंजूरी बाकी है, तब तक वो एमडी और सीईओ डेजिग्नेट रहेंगे। तरुण गर्ग दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियर और आईआईएम लखनऊ से एमबीए हैं। उनके पास ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में 30 साल से ज्यादा का अनुभव है।

### बजाज फिनसर्व एएमसी ने पे विद म्यूचुअल फंड फीचर लांच किया

**मुंबई।** म्युचुअल फंड अब सिर्फ लंबी अवधि का निवेश नहीं बल्कि रोजमर्रा के खर्च का साधन भी बन चुका है। बजाज फिनसर्व एएमसी ने हाल ही में 'पे विद म्यूचुअल फंड फीचर लांच किया है, जिसके जरिए निवेशक अपने म्युचुअल फंड से सीधे यूपीआई पेमेंट कर सकते है। अब कॉफी, किराना, कैब या ऑनलाइन शॉपिंग का भुगतान सीधे निवेश से किया जा सकेगा, जिससे निवेश और खर्च दोनों एक प्लेटफॉर्म पर जुड़ जाएंगे। यह सुविधा निवेशकों के लिए गेम चेंजर साबित होगी। उपयोगकर्ता अपना पैसा लिक्विड फंड में रखते हैं, जहां उन्हें बचत खाता से बेहतर रिटर्न मिलता है। जरूरत पड़ने पर यूपीआई के जरिए पेमेंट करने पर बैकग्राउंड में म्युचुअल फंड से इंस्टेंट रिडेम्पशन हो जाता है।

### जल्द से जल्द खरीद लो पेटीएम का शेयर..

# ब्रोकरेज फर्म ने दिया 1500 का टारगेट

**मुंबई ■ एजेंसी**

पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर बुधवार को 3 फीसदी से ऊपर चढ़ गए। इस तेजी का कारण ब्रोकरेज फर्म एक्सिस कैपिटल द्वारा शेयर पर डबल रेटिंग का अपग्रेड दिया गया है। एक्सिस कैपिटल ने पेटीएम के शेयर पर अपनी रेटिंग को 'बॉय' कर दिया है और स्टॉक का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दिया है। इससे निवेशकों को मौजूदा स्तर से करीब 20 फीसदी का रिटर्न मिलने की संभावना है। मंगलवार को पेटीएम का शेयर 1,244 रुपये पर बंद हुआ था।




ब्रोकरेज का कहना है कि बड़े मर्चेंट पेमेंट कंपनियां अब मजबूत कमाई कर रही हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट से अच्छे मार्जिन बन रहे हैं, जबकि यूपीआई में ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू का हिस्सा अब स्थिर है। पुराने भरोसेमंद मर्चेंट्स के साथ अच्छे संबंध भी कंपनी की ग्रोथ का समर्थन कर रहे हैं। इसके अलावा, ब्रोकरेज के अनुसार, पेटीएम अब स्थिर स्थिति के बाद विकास पर फोकस कर रहा है। कंपनी नए प्रोडक्ट्स और फ्रंटलाइन स्टाफ में निवेश कर रही है। एक्सिस कैपिटल को उम्मीद है कि पेटीएम की एबिट्डा मार्जिन वित्त वर्ष 2028 तक 15 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, जबकि यह पहली तिमाही में 3.7 प्रतिशत थी।

पेटीएम का शेयर बुधवार को 3.14 फीसदी की तेजी के साथ 1,283.40 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले एक महीने में शेयर में 4 फीसदी से ज्यादा की बढ़त आई है। वहीं, साल 2025 में अब तक शेयर करीब 30 फीसदी चढ़ चुका है। पेटीएम का शेयर अपने ऑल-टाइम लो करीब 300 रुपये से अब तक चार गुना से अधिक बढ़ चुका है। छह महीने में शेयर ने 52 प्रतिशत और एक साल में 75.75 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का दावा

# रुकेगा नहीं भारत.. अमेरिका-चीन सब बहुत पीछे

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दुनिया में टैरिफ टेंशन के चलते ट्रेड वॉर की स्थिति है। दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने हैं। ग्लोबल इकोनॉमी की रफ्तार धीमी पड़ रही है, लेकिन दूसरी ओर भारत रुकता नजर नहीं आ रहा है। जी हां, इंडियन इकोनॉमी विश्व में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ये हम नहीं कह रहे, बल्कि खुद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से ये गुड न्यूज आई है। आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ रेट के अनुमान को भी बढ़ा दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का तनाव हो या फिर अमेरिका-चीन में टेंशन से बिगड़े ग्लोबल ट्रेड के हालात। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार जारी रहेगी। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान में इजाफा कर दिया है। वैश्विक निकाय ने अपने नए वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, इससे पहले जुलाई महीने में जताए गए अनुमान से 10 बेसिस पॉइंट ज्यादा है।



सबसे तेज इकोनॉमी बना रहेगा भारत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाते हुए संकेत दिया है कि देश दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखेगा। वो भी ऐसे हालात में जबकि अमेरिका की ओर से लगाए गए नए ट्रेड बैन, टैरिफ के कारण वैश्विक उत्पादन में तगड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अक्टूबर 2025 के विश्व आर्थिक मंच से पता चलता है कि भारत इस तरह की तमाम व्यापक मंदी को चुनौती दे रहा है, जिसने उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को समान रूप से जकड़ रखा है।

चीन समेत ग्लोबल इकोनॉमी में सुस्ती: एक ओर जहां आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर खुशखबरी दी है, तो वहीं दूसरी ओर चीन समेत पूरी ग्लोबल इकोनॉमी में सुस्ती जारी रहने की बात कही है। आईएमएफ का अनुमान है कि वैश्विक विकास दर 2024 के 3.3 प्रतिशत से गिरकर 2025 में 3.2 प्रतिशत और 2026 में 3.1 प्रतिशत रह जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.2 प्रतिशत रखा गया है।

### घटी महंगाई, अमेरिका से ट्रेड डील में हुई प्रगति

**नई दिल्ली।** बीते दो दिनों में महंगाई में कमी से लेकर विदेशों में भारत की तारीफ की खबरों ने दिल को सुकून दिया। इससे भारत सरकार और देशवासियों को भी बहुत फायदा होगा। जानकारी के मुताबिक सितंबर महीने के आंकड़े बताते हैं कि खुदरा महंगाई, यानी सीपीआई, जो आम आदमी की जेब पर असर डालती है, वह गिरकर 1.54फीसदी पर आ गई है। ये जून 2017 के बाद का सबसे निचला स्तर है। इसका मतलब है कि खाने-पीने की चीजें, जैसे सब्जियां और अनाज, अब सस्ते हो रहे हैं। अगस्त में ये 2.07फीसदी थी, जो थोड़ा ज्यादा थी। अब बाजार में सामान सस्ता मिलेगा, तो घर चलाना आसान होगा. किसानों को भी खेती की लागत कम करने में मदद मिलेगी।



## यूएनएचआरसी के 2026-2028 के कार्यकाल के लिए चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 2026-2028 के कार्यकाल के लिए चुना गया है। यह भारत का सातवाँ कार्यकाल होगा, और यह अगले साल पहली जनवरी से शुरू होगा। यूएनएचआरसी के लिए चुने गए 14 सदस्य देश (2026-2028 कार्यकाल) हैं- जिसमें अंगोला, चिली, इक्वाडोर, मिस्र, एस्टोनिया, भारत, इराक, इटली, मॉरीशस, पाकिस्तान, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, यूनाइटेड किंगडम और वियतनाम है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने चुनाव को मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है।

### सीमा पर फिर हिंसक झड़प, चौकियों पर अफगानिस्तान ने कब्जा

# पाकिस्तानी हमले में 12 अफगान नागरिकों की मौत, 100 घायल

**काबुल ■ एजेंसी**

अफगानिस्तान का दावा है कि उनकी कार्रवाई में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और पाकिस्तान की कई चौकियों पर अफगानिस्तान ने कब्जा कर लिया है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हिंसक झड़पें जारी हैं। पाकिस्तान के नए हमले में अफगानिस्तान में 12 आम नागरिकों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की तरफ से कंधार राज्य में स्पिन बोल्डेक इलाके में हमला किया गया। वहीं पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को दावा किया कि उसने अफगान तालिबान के कई हमलों को नाकाम कर दिया और दोनों देशों के बीच सीमा पर झड़पों की अलग-अलग घटनाओं में 40 से ज्यादा अफगानियों को मार गिराया।




**अफगानिस्तान ने भी दिया मुंहतोड़ जवाब:** अफगानिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उनके इलाकों में भारी हथियारों से गोलीबारी की और नागरिक इलाकों को निशाना बनाया। यह हमले कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में किए गए, जिसके चलते 12 नागरिकों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस हमले के जवाब में अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई की। अफगानिस्तान का दावा है कि उनकी कार्रवाई में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और पाकिस्तान की कई चौकियों पर अफगानिस्तान ने कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान ने ये भी कहा है कि तबाह चौकियों पर तैनात पाकिस्तानी सेना के टैंक और हथियारों पर उनका कब्जा हो गया है। गौरतलब है कि स्पिन बोल्डक इलाका रणनीतिक रूप से बेहद अहम है और पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले भी इस इलाके में झड़पें हो चुकी हैं। मंगलवार रात में कुर्रम इलाके में भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के सैनिकों में झड़पें हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### संतरागाछी एक्सप्रेस में महिला से रेप

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर और पेद्दाकुरापाडु रेलवे स्टेशनों के बीच एक पैसेंजर ट्रेन में महिला के साथ रेप की घटना सामने आई है। आरोपी ने चाकू दिखाकर महिला से रेप किया। उसने पीड़ित के 5500 से ज्यादा रुपए और फोन भी लूट लिया। घटना 13 अक्टूबर को हुई जब राजामहेंद्रवरम की रहने वाली महिला, यहा चरलापल्ली जाने के लिए संतरागाछी स्पेशल एक्सप्रेस में सवार हुई। पीड़ित, महिला कोच में थी और शुरुआत में अकेली यात्रा कर रही थी। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि घटना को लेकर जीरो एफआईआर दर्ज की गई और इसे आंध्र प्रदेश के नादिकुडी पुलिस स्टेशन ट्रांसफर किया जा रहा है।

### आईपीएस पूरण कुमार का चंडीगढ़ में आठ दिन बाद अंतिम संस्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-25 के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। इस दौरान श्मशान घाट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे। एडीजीपी के अंतिम संस्कार में हरियाणा सरकार के ब्यूरोक्रेसी से राजेश खुल्लर, सुधीर राजपाल, पंकज गुप्ता, डीजीपी ओपी सिंह, आईपीएस मोहम्मद अकील, एडीजीपी आलोक मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। इससे पहले पीजीआई में उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। लगभग चार घंटे तक पोस्टमार्टम चला। उसके बाद शव को सेक्टर-24 स्थित सरकारी आवास पर लाया गया। सेक्टर 25 क्रिमेशन ग्राउंड में एडीजीपी वाई पूरण कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। आईएएस पंकज अग्रवाल और आईएएस राज नारायण कौशिक सेक्टर-24 पहुंचे थे। पीजीआई चंडीगढ़ की तरफ से कहा गया है कि हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार का पोस्टमार्टम विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट विशेष जांच दल (एसआईटी) के जांच अधिकारी को सौंपी जाएगी। पार्थिव शरीर सम्मानपूर्वक उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। एडीजीपी आत्महत्या मामले में नौ दिन बाद हरियाणा सरकार ने भी राहत की सांस ली है।

### अब दिल्ली में चला सकेंगे ग्रीन पटाखे, दिवाली से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** इस दिवाली दिल्ली-एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल होगा. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि दिवाली के दो दिन पहले और दिवाली के दिन यानी 18 से 21 अक्टूबर तक केवल सुबह 6 बजे से 7 बजे और रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे फोड़े जा सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय पर्यावरण की सुरक्षा और आबादी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया है. कोर्ट ने कहा कि पटाखों के कारण लोगों को गंभीर नुकसान होता है, इसलिए चिंता और उत्सव के अधिकारों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है. अर्जुन गोपाल की याचिका, चीफ जस्टिस बीआर गवई की कोर्ट में न्याय मित्र द्वारा उठाई गई गंभीर चिंताओं और पटाखों की तस्करी के मामलों को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किया गया.

### नीतीश ने चिराग के कोटे की सीटों पर उतार दिए प्रत्याशी.. अब एनडीए में आएगा भूचाल

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की सीट बंटवारे बाद उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शुरू हो चुका है। जेडीयू, बीजेपी के बराबर 101 सीटों पर चुनाव लड़ रहे है, लेकिन अपनी मजबूत सीटें किसी भी सूरत में छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर एनडीए के सीट शेयरिंग के समझौते का फॉर्मूला बिगाड़ दिया है। एनडीए के सीट शेयरिंग के बाद से उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी नाराज हैं और अब नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे लग रहा हैं कि एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा? जेडीयू ने बुधवार को जिन 57 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है।

### चुनाव में धनबल, शराब, नशे व उपहारों के इस्तेमाल को लेकर आयोग सख्त

# आयोग ने चुनाव खर्च पर नजर रखने व्यय पर्यवेक्षकों को भी किया तैनात

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव में धनबल, शराब, नशे और मुफ्त उपहारों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाया है। आयोग ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। चुनाव आयोग ने 6 अक्टूबर को बिहार विधानसभा के आम चुनाव और 8 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की घोषणा की थी। अब आयोग ने चुनाव खर्च और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की है।



चुनाव आयोग ने इस अभियान में कई एजेंसियों को शामिल किया है, जिनमें राज्य पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, एफआईयू-आईएनडी, आरबीआई, एसएलबीसी, डीआरआई, सीजीएसटी, एसजीएसटी, कस्टम्स, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, सीआईएसएफ, एसएसबी, बीसीएएस, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, डाक विभाग, वन विभाग और राज्य सहकारी विभाग शामिल हैं। इन सभी को निर्देश दिया है कि चुनाव के दौरान धन, शराब, ड्रग्स या अन्य प्रलोभनों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके।

आयोग ने चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। ये अधिकारी अधिसूचना जारी होते ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच गए हैं और वहां व्यय निगरानी से जुड़ी टीमों से मिलकर नजर रख रहे हैं। आयोग ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वॉड, सर्विलांस टीमें और वीडियो मॉनिटरिंग टीमें चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगी ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बता दें 6 अक्टूबर को चुनावों की घोषणा के बाद से अब तक कुल 33.97 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी, शराब, ड्रग्स और फ्रीबीज विभिन्न एजेंसियों द्वारा जब्त की जा चुकी हैं। आयोग ने कहा कि जांच और तलाशी में साधारण नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा या उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। आयोग ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को पैसे, शराब या अन्य वस्तुओं के वितरण से जुड़ी कोई जानकारी मिले, तो वह सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायत दर्ज करा सकता है।

### रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर सख्ती चीन बनाम दुनिया की लड़ाई बना

*वॉशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव फिर बढ़ गया है। इसकी वजह चीन का रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर सख्त नियम लागू करना। इन मिनरल्स के बिना इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर एयरक्राफ्ट तक का उत्पादन करना मुश्किल है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने चीन के इस कदम को उकसाने वाली कार्रवाई बताया है और कहा कि यह अब 卐चीन बनाम बाकी दुनिया की लड़ाई बन गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने 9 अक्टूबर को नए नियम लागू किए हैं, जिनके तहत कोई भी कंपनी चाहे वह चीनी हो या विदेशी यदि उसके उत्पाद में 0.1 फीसदी से ज्यादा रेयर अर्थ मैटेरियल है, तो वह सरकार की अनुमति के बिना निर्यात नहीं करेगी। सैन्य इस्तेमाल के लिए इन खनिजों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। चीन इस समय वैश्विक स्तर पर इन खनिजों के 70 फीसदी खनन और 90 फीसदी प्रोसेसिंग करता है। बेसेन्ट ने कहा कि ये खनिज छोटे मात्रा में इस्तेमाल होते हैं, लेकिन इनके बिना उत्पादन असंभव है। उन्होंने कहा कि चीन ने सप्लाई चेन पर सीधा हमला किया है, जिसे अमेरिका स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत, यूरोप और एशिया के लोकतांत्रिक देशों के साथ मिलकर इसका जवाब देगा। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चीनी सामानों पर टैरिफ दोगुना करने की धमकी दी है, जो नवंबर से 130 फीसदी तक बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि चीन की नीतियां बेहद आक्रामक हैं और अमेरिका अपने उद्योगों की रक्षा करेगा। हालांकि बाद में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा- सब ठीक होगा। शी जिनपिंग और मैं दोनों अपने देशों के लिए स्थिरता चाहते हैं। बेसेन्ट ने कहा कि चीन की यह रणनीति उसकी आर्थिक कमजोरी को दर्शाती है। हालांकि उम्मीद है कि जल्द चर्चाओं से तनाव कम होगा। ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात इस महीने दक्षिण कोरिया में होनी है।*

### ओवैसी ने बिहार चुनाव के लिए आजाद समाज और अपनी जनता पार्टी के साथ गठबंधन किया



**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने आजाद समाज पार्टी और अपनी जनता पार्टी के साथ रणनीतिक गठबंधन किया है। तीनों दल मिलकर राज्य की 64 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

सीट बंटवारे के तहत एआईएमआईएम 35 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि आजाद समाज पार्टी 25 और अपनी जनता पार्टी 4 सीटों पर मैदान में उतरेगी। इस गठबंधन को बिहार की राजनीति में नया प्रयोग माना जा रहा है, जो अल्पसंख्यक और सामाजिक न्याय के मतदाताओं को साधने की कोशिश करेगा।

एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी की पार्टी ने 2020 में सीमांचल क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया था, और अब वह आजाद समाज पार्टी के दलित आधार और अपनी जनता पार्टी के स्थानीय नेटवर्क के साथ मिलकर प्रभाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, यह गठबंधन पारंपरिक सत्ताधारी दलों की पकड़ को चुनौती देने की कोशिश है। गठबंधन का फोकस सामाजिक समानता, अल्पसंख्यक सशक्तिकरण और जमीनी राजनीति पर होगा। फिलहाल उम्मीदवारों के नामों की घोषणा बाकी है, इस लेकर सियासी हलकों में खासा उत्साह है।

### मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग के लिए विमानन कंपनी ने पेश की किराए से फुर्सत योजना

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

अगर आप विमान का टिकट बुक करते समय इस बात से परेशान होते हैं कि एक पल किराया एकदम सही लगता है, लेकिन पोर्टल को रिफ्रेश करते ही किराया अचानक बढ़ जाता हैं, तब आपके लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। टिकटों की कीमतों में बदलाव का यह रोज़-रोज़ का झंझट अब खत्म होने वाला है। सरकारी एयरलाइन एलायंस एयर ने हवाई किराए में उतार-चढ़ाव को खत्म करने के लिए एक शानदार योजना शुरू की है, जिसका नाम है किराए से फुर्सत पेश की है।

यह योजना हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को किराए के उतार-चढ़ाव की चिंता से पूरी तरह मुक्ति देगी। इस पहल की शुरुआत बीते दिन नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने की है। योजना का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह यात्रियों को एक निश्चित किराया देती है। इसका मतलब है कि चाहे आप टिकट आज बुक करें या उड़ान वाले दिन, किराया स्थिर रहेगा और अचानक नहीं बढ़ेगा। यह उन लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत है जो अक्सर आखिरी समय में टिकट बुक करते हैं।

भारतीय विमानन बाज़ार में आमतौर पर डायनेमिक प्राइसिंग चलती है, इसके कारण उड़ान की लागत वास्तविक समय में बदलती रहती है। इससे कई बार यात्रियों को निराशा होती है और वे ज़्यादा किराए के कारण अपनी मनचाही उड़ान बुक नहीं कर सकते है। इसी कारण यह योजना लाई गई है। इसका उद्देश्य टिकट मूल्य निर्धारण में ज़्यादा स्पष्टता और एकरूपता लाना है। यह योजना खासकर मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग और नए मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए फायदेमंद होगी।

एलायंस एयर की नई योजना 'किराए से फुर्सत' फिलहाल पायलट आधार पर शुरू की गई है। यह 13 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी। शुरुआत में यह योजना केवल कुछ चुनिंदा रूटों पर ही उपलब्ध होगी। इस अवधि में एयरलाइन यात्रियों की प्रतिक्रिया और योजना की उपयोगिता का आंकलन करेगी। अगर यात्रियों से मिलने वाले नतीजे सकारात्मक रहे, तब आने वाले महीनों में इस स्कीम को अन्य मार्गों पर भी लागू किया जा सकता है, जिससे यात्रियों को टिकट दरों के उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी।

### भारत बना रहेगा सबसे तेज इकोनॉमी

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का दावा- रुकेगा नहीं भारत...अमेरिका-चीन सब बहुत पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में टैरिफ टेंशन के चलते ट्रेड वॉर की स्थिति है। दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने हैं। ग्लोबल इकोनॉमी की रफ्तार धीमी पड़ रही है, लेकिन दूसरी ओर भारत रुकता नजर नहीं आ रहा है। जी हां, इंडियन इकोनॉमी विश्व में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ये हम नहीं कह रहे, बल्कि खुद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से ये गुड न्यूज आई है। आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ रेट के अनुमान को भी बढ़ा दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का तनाव हो या फिर अमेरिका-चीन में टेंशन से बिगड़े ग्लोबल ट्रेड के हालात। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार जारी रहेगी। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान में इजाफा कर दिया है। वैश्विक निकाय ने अपने नए वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, इससे पहले जुलाई महीने में जताए गए अनुमान से 10 बेसिस पॉइंट ज्यादा है।

**सबसे तेज इकोनॉमी बना रहेगा भारत:** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाते हुए संकेत दिया है कि देश दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढने् वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखेगा। वो भी ऐसे हालात में जबकि अमेरिका की ओर से लगाए गए नए ट्रेड बैन, टैरिफ के कारण वैश्विक उत्पादन में तगड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अक्टूबर 2025 के विश्व आर्थिक मंच से पता चलता है कि भारत इस तरह की तमाम व्यापक मंदी को चुनौती दे रहा है, जिसने उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को समान रूप से जकड़ रखा है।

**चीन समेत ग्लोबल इकोनॉमी में सुस्ती:** एक ओर जहां आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर खुशखबरी दी है, तो वहीं दूसरी ओर चीन समेत पूरी ग्लोबल इकोनॉमी में सुस्ती जारी रहने की बात कही है। आईएमएफ का अनुमान है कि वैश्विक विकास दर 2024 के 3.3 प्रतिशत से गिरकर 2025 में 3.2 प्रतिशत और 2026 में 3.1 प्रतिशत रह जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.2 प्रतिशत रखा गया है। ग्लोबल इकोनॉमी की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। 2025-26 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर महज 1.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जाहिर किया गया है, जबकि टैरिफ की धौंस दिखाने वाले ट्रंप के अमेरिका की ग्रोथ रेट घटकर 2.0 प्रतिशत रह जाएगी। वहीं आईएमएफ के मुताबिक, अमेरिका-चीन से सबसे ज्यादा प्रभावित चीन की विकास दर 2025 में 4.8 प्रतिशत और 2026 में 4.2 प्रतिशततक कम होने का अनुमान है।

### भारत और सऊदी अरब रसायन और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में मिलकर करेंगे काम

**नई दिल्ली।** भारत और सऊदी अरब ने रसायन और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जाहिर। यह सहमति एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान बनी, जो रियाद में आयोजित हुई। भारत की ओर से रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधीन रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग और सऊदी अरब की ओर से उद्योग एवं खनिज मंत्रालय के अधिकारी बैठक में शामिल हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्क्षयता सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने की। वहीं सऊदी अरब की ओर से उपमंत्री इंजीनियर खलील बिन इब्राहिम बिन सलमाह बैठक में मौजूद रहे। सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब अमेरिकी डॉलर। रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में लगभग 10 प्रतिशत (करीब 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर) का योगदान है। इस बैठक में दोनों देश के अधिकारियों ने निवेश बढ़ाना।

### लेफ्टिनेंट जनरल घई ने किया खुलासा

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के 100 से अधिक सैनिक हताहत हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान के 100 से अधिक सैनिक हताहत हुए थे। उन्होंने 14 अगस्त को पाकिस्तान द्वारा दिए गए मरणोपरांत पुरस्कारों की संख्या को आंकड़े का आधार बताया। पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को ढूंढने में भारतीय सेना को 96 दिन लगे। ले. जनरल घई ने बताया कि जब इन तीनों को ढूंढा गया और उनका मेडिकल टेस्ट किया गया, तब वे दौड़ते-भागते थक गए लग रहे थे और बहुत कुपोषित भी थे।



बात दें कि सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। पहलगाम में 26 नागरिक मारे गए थे। इस अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ सहित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद 10 मई को सैन्य अभियान रोक दिया गया था। डीजीएमओ ने कहा कि उस समय पाकिस्तानी सेना और उसके प्रमुख दबाव में थे, और उन्हें अपनी छवि को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता थी। यह सैन्य सटीकता, कूटनीतिक कुशलता, सूचनात्मक श्रेष्ठता और आर्थिक प्रभाव का सम्मिश्रण था।

उन्होंने 1960 की सिंधु जल संधि का उल्लेख किया, जिसे पहलगाम में आतंकवादी हमले के समय ही स्थगित कर दिया गया था। ले. जनरल घई ने कहा कि भारतीय सैन्य कार्रवाइयां लक्षित, नियंत्रित और गैर-बढ़ाने वाली थीं, और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए उन्हें खुले तौर पर स्वीकार किया गया। दबाव बनाने के लिए महत्वपूर्ण पारंपरिक उपाय लागू किए गए।

### तमिलनाडु सरकार हिंदी पर बैन लगाने वाला बिल लाएगी

# हिंदी फिल्म-गाने और होर्डिंग्स-बोर्ड पर रोक लगेगी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम सरकार राज्य में हिंदी भाषा के इस्तेमाल पर बैन लगाने वाला एक बिल विधानसभा में पेश कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार पूरे तमिलनाडु में हिंदी होर्डिंग्स, बोर्ड, फिल्मों और गानों पर बैन लगाना चाहती है। सरकार ने इस बिल पर चर्चा के लिए कानूनी विशेषज्ञों के साथ एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई थी। तमिलनाडु विधानसभा का विशेष सत्र 14 अक्टूबर से शुरू हुआ है। यह 17 अक्टूबर को खत्म होगा। इसमें अनुपूरक बजट अनुमान भी पेश किए जाने की उम्मीद है।



तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और केंद्र के बीच लंबे समय से राज्य में हिंदी भाषा के इस्तेमाल को लेकर तकरार चल रही है। इस साल मार्च में सीएम स्टालिन ने स्टेट बजट 2025-26 के सिंबल से रुपए का सिंबल हटाकर तमिल अक्षर (तमिल भाषा में रुपए को दर्शाने वाले 'रुबाई' का पहला अक्षर) लगा दिया था। स्टालिन केंद्र सरकार की 3 भाषा फार्मूले का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कई बार भाजपा पर राज्य के लोगों पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा था कि राज्य की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) से शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को फायदा हुआ हुआ है।

**हिंदी ने 25 भाषाओं को खत्म किया:** तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने 27 फरवरी को कहा कि जबरन हिंदी थोपने से 100 सालों में 25 नॉर्थ इंडियन भाषाएं खत्म हो गई। स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- दूसरे राज्यों के मेरे प्रिय बहनों और भाइयों, क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है? स्टालिन ने कहा कि भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी, और कई सारी भाषाएं अब अस्तित्व के लिए हांफ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्य प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार जिले में मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक पांच दिवसीय विशेष अभियान अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार 15 अक्टूबर 2025 को परियोजना स्तर पर थीम पर विद्यालयों में डिबेट, निबंध एवं चित्रकला , रंगोली इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित किया गया।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान 3.0 प्रारंभ, 9 दिसंबर तक चलेगा

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में कर्मचारियों और स्टाफ द्वारा तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता लाने, किसी भी तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने और अस्पताल परिसर को तंबाकू मुक्त और स्वच्छ रखने के लिए तंबाकू निषेध शपथ ली गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नरसिंह गेहलोत सीएमएचओ के निर्देशन में और डॉ. सुनीता कामले सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विजयवर्गीय वरिष्ठ सर्जन, डॉ. गजेंद्र यादव आरएमओ डॉ. रजनी कुशवाह डेंटल सर्जन और जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला नर्मदापुरम, डॉ. अखिलेश सिंघल डेंटल सर्जन, डॉ. मिलन सोनी डेंटल सर्जन डॉ. दिव्या पटेल डेंटल सर्जन, डॉ. श्रद्धा बदानी डेंटल सर्जन, सुनील साहू जिला मीडिया प्रभारी, हेमलता पटेल तंबाकू निषेध परामर्शदाता और अन्य अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे। तम्बाकू निवारण केंद्र जिला अस्पताल नर्मदापुरम में तम्बाकू उत्पादों की आदत वाले लोगों को परामर्श दिया जा रहा है और निकोटीन प्रतिस्थापन चिकित्सा/निकोटीन टैबलेट दी जा रही है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

**नर्मदापुरम।** जिला जल उपयोगिता समिति, नर्मदापुरम की बैठक 17 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति की अध्यक्ष, सुश्री सोनिया मीना करेंगी। बैठक के दौरान तवा जलाशय एवं अन्य तालाबों में जल भंडारण की स्थिति, रबी सिंचाई वर्ष 2025-26 हेतु नहरों की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव तथा रबी सिंचाई हेतु नहरों के संचालक के लिए तिथि निर्धारण एवं अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

#### सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे-पुलिस अधीक्षक

# मीडिया और समाचार समाज के प्रतिबिंब होते हैं:कलेक्टर

### कड़े कानून से भ्रामक और अराजकता वाली जानकारी पर लगा नियंत्रण



**नर्मदापुरम, निप्र।** शहर में बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया । दोपहर को हुए इस कार्यक्रम में कलेक्टर सोनिया मीना , पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा , जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, एसडीएम बबीता राठौर, सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र रावत, जनसंपर्क अधिकारी रश्मि देशमुख सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी और पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर सोनिया मीणा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। पत्रकारों ने सभी अधिकारियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि मीडिया और समाचार समाज के प्रतिबिंब हैं। नकारात्मक और सकारात्मक दोनों खबरें आती है लेकिन हमें संतुलित समाचार लोगों तक पहुंचाना है। यह हमारी जिम्मेदारी भी है संतुलित समाचार से जनता का समग्र विकास होगा वह चीजों को समझ सकेंगे। मीडिया के माध्यम से हम तक खबर पहुंचती है हम उसमें सुधार कर सकते हैं, प्लान कर सकते हैं और कार्यवाही भी कर सकते हैं । कुछ नकारात्मक खबरें आती है क्योंकि वह है लेकिन हमें संतुलित समाचार बनाना होगा। जनता को जागरूक करने का काम मीडिया ने किया है। अब तो नई टेक्नोलॉजी, इंटरनेट , एआई, सोशल मीडिया, इनफ्लुएंसर आ गए हैं जिससे इन चीजों में ग्रो हुआ है । कुछ समाचार पत्र और संपादक अपनी विश्वसनीयता और गहन विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पहले कुछ भ्रामक और अराजकता फैलाने वाली खबरें चली जाती थी लेकिन अब कड़े कानून से इस पर नियंत्रण हो सका है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से हमें मीडिया का सहयोग मिल रहा है । हमने कई कैंपेन भी चलाएं और आगे भी इस प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा ।

**सभी क्षेत्रों में हो रहे हैं कार्य और आगे हो रही प्लानिंग:** कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि शिक्षा हो, राजस्व हो या अन्य कार्य अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं । जिला पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इसके साथ ही है मेले की व्यवस्थाएं, त्योहारों की व्यवस्थाएं भी की जा रही है । पचमढ़ी का नागद्वारी मेला सहित राम जी बाबा , नर्मदा जयंती जैसे त्यौहार भी यहां पर बनाए जाते हैं जिसके लिए व्यवस्थाएं होती है । उन्होंने कहा कि सरकार की कुछ योजनाएं को लोगों तक पहुंचे और आगे जनता को लाभ मिले ऐसे कार्य हमें करना है। यह प्रशासन की प्राथमिकता में है इसलिए मीडिया का साथ मिला है और आगे भी मिलेगा।

**सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाएं भी होंगी - पुलिस अधीक्षक:** इस मौके पर पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पत्रकारों के जवाब देते हुए कहा कि कहा कि शहर में सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाएं होंगी होगी चोरी जैसी वारदातों पर नियंत्रण किया जा सकें। इसके साथ ही अतिक्रमण हटेगा जिससे यहां ट्रैफिक व्यवस्था ठीक की जा सकेगी। इस पर भी हमें काम करना है । उन्होंने कहा आरक्षकों को ज्यादा समय तक किसी एक स्थान पर ना रहे इसके लिए भी हम काम कर रहे हैं और जो भी समस्याएं होंगी वह हम तक पहुंचे हम उन्हें सॉल्व करेंगे । उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन उनके साथ है ।

## कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब माफिया को किया अरेस्ट



**नर्मदापुरम, निप्र।** शहर में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब को लेकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। विगत दिवस कोठी बाजार सब्जी मंडी में अवैध शराब बेचने वाले शराब माफिया सुरेंद्र लुटारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया । बुधवार शाम करीब 4 बजे पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल मेडिकल के लिए ले जाया गया और फिर वहां से कोर्ट में पेश किया। गौरतलब है कि एक दिन पहले मंगलवार सुबह सुरेंद्र लुटारे के घर पर छापामार कार्रवाई में अवैध शराब जप्त हुई थी और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी सुरेंद्र लुटारे को ग्वालटोली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता सुरेंद्र पुत्र आयुश दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई जारी है। इनसे भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गई थी।

## संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहने की शिकायत पर प्रधान आरक्षक निलंबित, जांच के आदेश



**सिवनी मालवा, निप्र।** थाना सिवनी मालवा के प्रधान आरक्षक विशाल भदौरिया के विरूद्ध संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहने संबंधी गंभीर प्रवृत्ति की शिकायत प्राप्त होने और दिये गये कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं करने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। निलम्बित कर रक्षित केन्द्र नर्मदापुरम भेजा गया है। निलंबन अवधि में विशाल भदौरिया को नियमानुसार निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी तथा इस अवधि में रक्षित केन्द्र में आयोजित समस्त गणना एवं परेड में नियमित रूप से उपस्थित होना होगा। एसडीओपी इटारसी को विशाल भदौरिया द्वारा विगत 6 माह में जो भी विवेचनाएं की गई है, उनकी केस डायरी मंगाकर उसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए कि उनके द्वारा किस तरह से काम किया गया तथा प्राथमिक जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें। गौरतलब है कि कोतवाली में टीआई का मैनेजमेंट यही देखते थे और संदिग्ध लोगों से इनके संपर्क होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता । इसके साथ ही यदि इनकी दो साल की मोबाइल कॉल डिटेल भी निकली जाए तो बड़े खुलासे से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

#### अवैध उत्खनन / परिवहन/ भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही जारी

# 5 ट्रेक्टर ट्राली, 2 लोडर, 1 डम्पर एवं 11 मोटरवोट (नाव) की गई जप्त



**नर्मदापुरम, निप्र।** नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है।

खनिज विभाग द्वारा 08 अक्टूबर को ग्राम-जैतवारा बारछी, तह0-बनखेड़ी से 01 ट्रेक्टर ट्राली स्वराज-744 बिना नंबर को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में जप्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया। 12 अक्टूबर को ग्राम-आंचलखेड़ा, तह0-माखननगर स्थित तवा पुल के पास से 03 ट्रेक्टर ट्राली एवं 02 लोडर को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में तथा ग्राम-बान्द्राभान, तह0-नर्मदापुरम से 01 डम्पर को मिट्टी खनिज के अवैध उत्खनन में जप्त कर पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया। 13 अक्टूबर को ग्राम-करपा, तह0-बनखेड़ी से 01 ट्रेक्टर ट्राली सोनालिका बिना नंबर को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में जप्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया। 14 अक्टूबर को ग्राम-बाबरी एवं डिमावर, तह0-सिवनी मालवा से 11 मोटरबोट (नाव) को रेत के अवैध उत्खनन में जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा

### फसल कटाई के बाद किसान भाई नरवाई का करें उचित प्रबंधनः कलेक्टर

**नर्मदापुरम, निप्र।** कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को बैंकिंग कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंक की पारदर्शिता ही किसानों के विश्वास की नींव है। बैंक अधिकारी किसान संघ के प्रतिनिधियों से सतत संवाद बनाए रखें और समस्याओं के समाधान हेतु नियमित बैठकें आयोजित करें। बैठक में विद्युत आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की विद्युत अनियमितता के प्रकरण में कार्रवाई से पूर्व किसानों को सूचित किया जाए। बिना भू-स्वामी की उपस्थिति में किसी भी कर्मचारी द्वारा कृषक के परिसर में प्रवेश न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कार्रवाई पर संशय हो तो एसडीएम अथवा तहसीलदार से निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## घर में बड़ी मात्रा में रखे थे अवैध पटाखों एवं विस्फोट सामग्री , जप्त करने की हुई कार्रवाई



**नर्मदापुरम, निप्र।** शहर के समीपस्थ थाना इटारसी पुलिस ने अवैध पटाखे एवं विस्फोट सामग्री के भंडारण एवं विक्रय पर बड़ी कार्यवाही की। कुल 1,03,435 की विस्फोट सामग्री जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के कड़े इंतजाम बनाए रखने साथ ही अवैध रूप से पटाखा एवं विस्फोट सामग्री का विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके परिप्रेक्ष्य में थाना इटारसी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति जो कि इटारसी के भीड़भाड़ वाले इलाके में निवासरत है ने अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों एवं विस्फोट सामग्री का भंडारण कर रखा है । प्राप्त सूचना के आधार पर थाना इटारसी पुलिस स्टाफ एवं तहसीलदार राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा भाट मोहल्ला इटारसी निवासी अभिषेक राजपूत के घर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध विस्फोट सामग्री एवं पटाखे कीमत 1,03,435 के जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 824/ 25 धारा 288 बीएनएस एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन एवं एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के द्वारा सहायतार्थ बल के टीम गठित कर संपूर्ण कार्यवाही की गई । कार्यवाही में थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, उनि प्रवीण यादव, प्र.आर. उपेंद्र दुबे, आर. महेन्द्र, अंकित, राजकुमार, संदीप, राजेश की सक्रिय भूमिका रही ।

#### साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता आवश्यक- शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें संपर्क

# अग्रणी महाविद्यालय, में साइबर सुरक्षा एवं उद्यमिता पर व्याख्यान

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



शासन के निर्देशानुसार शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के अंतर्गत दिनांक 02/10/2025 से 31/10/2025 तक विशेष अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में साइबर अपराध से संबंधित जागरूकता बढ़ाने एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से छात्राओं को अवगत कराने हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित साइबर कानून विशेषज्ञ अंश राजपूत द्वारा छात्राओं को देश में निरंतर बढ़ते हुए साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने बताया कि शासन द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं एवं जनमानस में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में साइबर अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह अपराध कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल या किसी डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है। इसमें किसी व्यक्ति, संस्था या सरकार को आर्थिक, मानसिक या सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग किया जाता है। अतः महाविद्यालय का निरंतर प्रयास रहता है कि छात्राओं के मध्य जागरूकता उत्पन्न की जाए जिससे इस अपराध के प्रति सजग रहा जा सके।

साइबर कानून विशेषज्ञ अंश राजपूत ने बताया कि साइबर अपराध के अंतर्गत हैकिंग, फिशिंग, साइबर ठगी, साइबर बुलिंग, साइबर पोर्नोग्राफी, स्पैम और अटैक किए जाते है। इसलिए साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बहुत आवश्यक है ताकि हम स्वयं को और अपने डेटा को सुरक्षित रख सके। इसके साथ ही सोशल मीडिया का भी समाज, परिवार और व्यक्तिगत जीवन पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ रहे हैं जिससे मानसिक तनाव, अवसाद, नींद में कमी, सामाजिक अलगाव, गोपनीयता की हानि एवं शारीरिक स्वास्थ्य प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को जानकारी दी कि साइबर अपराध से बचाव के लिए अपने मेल एवं बैंक अकाउंट के पासवर्ड को मजबूत रखें और समय-समय पर बदलते रहे,संदिग्ध लिंक या ईमेल पर क्लिक न करें, पब्लिक वाई फाई पर बैंकिंग या संवेदनशील कार्य न करें एवं सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा ना करें। किसी भी साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें। साइबर कानून विशेषज्ञ अंश राजपूत द्वारा छात्राओं के साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया से संबंधित कई प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इसी के तारतम्य में सेडमैप भोपाल के द्वारा छात्राओं को उद्यमिता से संबंधित व्याख्यान दिया गया। सेडमैप भोपाल से आमंत्रित देवेंद्र सिंह रघुवंशी, डॉ अनिल गुप्ता सेडमैप जिला समन्वयक नर्मदापुरम एवं रिशांक दुबे द्वारा छात्राओं को बताए गया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में उद्यमिता किसी भी देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ मानी जाती है। एक सफल उद्यमी वह व्यक्ति होता है जो अपने विचारों, परिश्रम, दृढ़ निश्चय और जोखिम उठाने की क्षमता से नया व्यवसाय या उद्योग स्थापित करता है तथा समाज में रोजगार और नवाचार के अवसर बढ़ाता है। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ संगीता अहिरवार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वच्छता अभियान की नोडल अधिकारी डॉ हर्षा चचाने, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ रागिनी सिकरवार एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

#### युवा काँग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया

# नपा कर्मचारियों के गैर जिम्मेदार रवैये को लेकर सौंपा ज्ञापन

खरगोन ■ अमृत दर्शन



युवक कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट शाहरुख मिर्ज़ा के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी जी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कल दिनांक 14/10/2025 को वार्ड नंबर 01 सुखपुरी में वार्डवासी के यहां मांगलिक कार्यक्रम में पानी के टैंकर की आवश्यकता थी जिसकी रसीद कटाने स्वयं मिर्ज़ा नपा जल प्रदाय केंद्र पहुंचे वहां लगभग 1 घंटा इंतेजार करने पर भी कोई जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारि उपस्थित नहीं हुआ, कर्मचारियों से पूछने पर पता चला कि जल प्रदाय केंद्र के इंचार्ज छुट्टी पर है तत्पश्चात मिर्ज़ा के द्वारा वही से नपा संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो को फोन कर सूचना दी गई कि जल प्रदाय केंद्र पर कोई जिम्मेदार अधिकारी रसीद काटने के लिए उपस्थित नहीं है फोन पर सूचना देने के बाद हालांकि जल प्रदाय विभाग के सभापति किशोर जी मौके पर उपस्थित होकर टैंकर की व्यवस्था करवाई जिस पर एडवोकेट शाहरुख मिर्ज़ा का कहना है कि हम जागरूक लोग हैं इसलिए आवाज उठा रहे हैं लेकिन आमजन को नपा के अधिकारियों के ऐसे गैर जिम्मेदार रवैए से कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता होगा, युवा काँग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रशांत सावले एवं उपाध्यक्ष सुल्तान भुट्टो ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा अगर नपा खरगोन के कर्मचारियो द्वारा ऐसे गैर जिम्मेदार रहे तो युवा कांग्रेस के द्वारा नगर पालिका के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

उपस्तिथ युवा नेता रजत डंडीर का कहना है कि खरगोन नपा सीमा क्षेत्र मे हजारों समस्या है, जिससे जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है, एवं आमजन को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सोप जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए, भविष्य में इस तरह की गलती न हो। उपस्तिथ वरिष्ठ काँग्रेस नेता प्रकाश जोशी, युवा नेता शाकिब कुरैशी, एडवोकेट अजय भालसे, तैय्यब अली बोहरा, सलमान खान, अमजद खान, राजा खान, सनव्वर मिर्ज़ा, दीपक परमार आदि युवक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार विदेश से व्यापार जरूरी

# मोदी कर रहे विवेकानंद, गांधी और ठेंगड़ी के स्वदेशी स्वप्न को साकार




इटारसी। भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामेश्वर शर्मा ने इटारसी में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए देश की जनता से स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया, ताकि छोटे व्यापारियों, मजदूरों और उद्यमियों को लाभ हो तथा देश का पैसा देश के भीतर ही रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले आत्मनिर्भर भारत अभियान और स्वदेशी संकल्प को स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, और दत्तोपंत ठेंगड़ी के स्वदेशी स्वप्न को साकार करने वाला बताया।

शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र और 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है, जिसका मार्ग आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी से होकर जाता है। उन्होंने हर घर स्वदेशी को मंत्र बताया और कहा कि आज स्वदेशी का मतलब केवल खादी या दिए नहीं, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर सेमीकंडक्टर तक है।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन -इ्इ/एए304/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा ।) ।